चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 187 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
31 दिसंबर 2024 मंगलवार

आज का मौसम
26 अधिकतम
9 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page-7

## 2025 के स्वागत की दुनियाभर में जोरदार तैयारी, मुख्यमंत्री पहुंचे उज्जैन

# सर्दी के सितम पर भारी नए साल के स्वागत का चलन, अलर्ट पर प्रशासन

**भोपाल/नई दिल्ली, दोपहर मेट्रो।**
इस बार कड़ाके की सर्दी व कोहरे के बीच नए साल की पहली सुबह होगी। मौसम विभाग ने कड़ाके की सर्दी के लौटने का ऐलान कर रखा है। पहाड़ों से लेकर मैदानों तक तापमान तेजी से गिर रहा है। इस बीच मप्र में भी नये साल के जश्न पर पुलिस और प्रशासन की नजरें हैं। साइबर ठगों से भी सावधान रहने की एडवायजरी जारी की जा रही है। क्योंकि आशंका है कि नये साल के संदेशों आदि के जरिये वे ठगी को अंजाम दे सकते हैं। आज ही सुबह ग्वालियर-चंबल, उज्जैन, सागर और रीवा संभाग के कई जिलों में कोहरे का असर इस कदर रहा कि विजिबिलिटी 20 मीटर ही रह गई। उज्जैन-रतलाम में आज कोल्ड-डे का अलर्ट है। वहीं, शाजापुर, नीमच, मंदसौर और आगर-मालवा में भी शीतलहर चलेगी। भोपाल में भी तापमान तेजी से गिरा है। इससे पहले वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिविटी से दो दिन तक पूरे प्रदेश में बारिश और बादल वाला मौसम रहा। कई जिलों में तो ओले भी गिरे। इस दौर के थमते ही ठंड का असर बढ़ गया।


चमोली में घरों, सड़कों और रोड पर बर्फ जमी है।






### अमेरिका में भारत के बाद आएगा नया साल

आज यानि 31 दिसंबर को जैसे ही रात के 12 बजेंगे, दुनियाभर में नए साल का जश्न शुरू होगा मगर न्यूजीलैंड में भारत से साढ़े 7 घंटे पहले ही नया साल आएगा जबकि अमेरिका में साढ़े 9 घंटे बाद। इस तरह पूरी दुनिया में नया साल आने की यात्रा 19 घंटों तक जारी रहेगी। वैसे दुनिया में सिर्फ नया साल मनाने का समय ही नहीं बल्कि रिवाज भी अलग-अलग हैं। जापान में नए साल के स्वागत पर लोग मिलकर 108 बार घंटा बजाते हैं, जबकि चीन 29 जनवरी को जश्न मनाएगा।

### अगले दो दिन ऐसा रहेगा मौसम

01 जनवरीः ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, मैहर,सतना,, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, गुना, अशोकनगर, नीमच, मंदसौर में मध्यम कोहरा रहेगा। उज्जैन-रतलाम में कोल्ड डे और नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, शाजापुर में शीतलहर का अलर्ट है।
02 जनवरी : नीमच, मंदसौर, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में हल्के से मध्यम कोहरा छाया रहेगा।



### उज्जैन में रहेंगे सीएम यादव

इधर, मुख्यमंत्री मोहन यादव आज सुबह भोपाल से उज्जैन के लिये रवाना हो गए हैं। वे नए साल का स्वागत पूजा अर्चना के साथ करेंगे। वे आज बैरवा दिवस के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं तथा विक्रमोत्सव की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे। इसके बाद वे रात्रि विश्राम उज्जैन में ही करेंगे।

## सौरभ मामले में अब डायरी की चर्चा, अफसरों की जांच होगी



**भोपाल।** परिवहन आरक्षक रहे सौरभ शर्मा के आवास और कार्यालय से करोड़ों रुपये मिलने के बाद अब उस डायरी का चर्चा है,जिसमें कथित तौर पर कई बडे नाम दर्ज हैं। माना जा रहा है कि छापों के बाद अब परिवहन चौकियों और परिवहन विभाग में अन्य मलाईदार पदों पर पदस्थ रहे पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की जांच की तैयारी है। बताया जाता है कि सौरभ के घर और कार्यालय से जांच एजेंसियों को मिले दस्तावेजों से साफ हो रहा है कि इस मामले में कई नेताओं से लेकर परिवहन विभाग के तत्कालीन कुछ अधिकारियों और आरटीओ की भी किसी न किसी स्तर पर भूमिका है। दरअसल, जिस कार में 54 किलो सोना और लगभग 10 करोड़ रुपये नकद मिला है, उसमें एक डायरी भी जांच टीम को मिली है। माना जा रहा है कि रसूखदारों की मदद से सौरभ परिवहन नाकों पर पदस्थापना से लेकर वसूली तक का खेल चलाता था।

## आखिरी दिन शेयर बाजार में कोहराम, सेंसेक्स निफ्टी टूटे



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार आज साल के आखिरी दिन चरमराता दिख रहा है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स इंडेक्स खुलने के साथ ही 450 अंक से ज्यादा फिसल गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 100 अंक से ज्यादा टूटकर कारोबार कर रहा है। बाजार में गिरावट के बीच बीएसई के 30 में से 26 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स 78,248.13 के लेवल से गिरकर 77,982.57 पर ओपन हुआ था। शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार की शुरुआत के दौरान गौतम अडानी की कंपनी अडानी पोर्ट्स से लेकर मुकेश अंबानी रिलायंस और टाटा ग्रुप की टीसीएस तक के शेयर टूटे।लेकिन सबसे ज्यादा बिखरने वाले स्टॉक्स में टेक महिंद्र, टीसीएस और जोमेटो शामिल हैं।

## भारतीय मूल के एआई रिसर्चर की मौत का मामला गर्माया

### अमेरिकी पुलिस ने कहा- आत्महत्या, मस्क बोले ऐसा नहीं लगता

**नई दिल्ली, एजेंसी**
भारतीय मूल के अमेरिकी एआई रिसर्चर सुचिर बालाजी की मौत का मामला गर्मा गया है। बालाजी की बीती 26 नवंबर को सैन फ्रांसिस्को में मौत हुई थी। पुलिस ने इसे आत्महत्या का मामला बताया लेकिन परिवार को मौत को संदिग्ध मानते हुए एफबीआई जांच की मांग कर डाली है। खास बात यह है कि इस मामले पर अरबपति कारोबारी एलॉन मस्क भी संदेह जता चुके हैं। उनका कहना है कि यह आ त्महत्या का मामला नहीं लगता। सुचिर की मां पूर्णिमा रामाराव ने एफबीआई जांच की मांग करते हुए दावा किया है कि उनके बेटे के अपार्टमेंट में तोड़फोड़ की गई।



बाथरूम में खून के धब्बे पाए गए, जो हत्या की ओर संकेत करते हैं। सुचिर का मां का कहना है कि उनके बेटे की हत्या को आत्महत्या घोषित किया गया है। जांच अधिकारियों ने मामले की सही से जांच नहीं की। सुचिर ने ओपनएआई पर कॉपीराइट उल्लंघन और बिजनेस मॉडल को डिस्टेबेलाइज करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में कंपनी के इंटरनेट इकोसिस्टम पर नकारात्मक प्रभाव की बात कही थी तथा लोगों को ओपनएआई छोड़ने की सलाह दी थी। सुचिर अमेरिका की बर्कले यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में ग्रेजुएट थे। उन्होंने ओपनएआई और स्केल एआई में काम किया है व 2022 में जीपीटी-4 प्रोजेक्ट के डेटा कलेक्शन के दौरान कॉपीराइट उल्लंघन का पता लगाया था। ऐसे में ओपनएआई जैसे एआई संगठनों पर आरोप और सुचिर की मौत ने एआई रिसर्च और एथिक्स पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इस साल ही ओपन आई कंपनी छोड़ दी थी और कॉपीराइट उल्लंघन का आरोप लगाया था।

## यूका का जहरीला कचरा भेजने बन रहा ग्रीन कॉरिडोर

### एक साथ रवाना होंगे सभी कंटेनर

**भोपाल,दोपहर मेट्रो**
यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के जहरीले कचरे को कंटेनरों में भरने का काम पूरा हो गया है। अब इन्हें ग्रीन कॉरिडोर बनाकर पीथमपुर भेजने की तैयारी चल रही है। यह कॉरिडोर करोंद, फंदा और इंदौर बाईपास होते हुए पीथमपुर तक बनेगा। इन वाहनों को पहुंचने में करीब पांच से छह घंटे का समय लगेगा। इसमें पुलिस, प्रशासन के अधिकारियों की मदद ली जा रही है। इस दौरान कंटेनरों की आवाजाही की निगरानी की जाएगी, जिससे रास्ते में किसी तरह की कोई समस्या न हो। कंटेनर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम के नेतृत्व में रवाना किए जाएंगे। हाईकोर्ट की ओर से एक महीने के भीतर जहरीला कचरा हटाने के आदेश के बाद प्रशासन भोपाल की जमीन से यूनियन कार्बाइड का दाग धोने की



ओर आगे बढ़ा है। 337 टन जहरीले कचरे को हवा रहित 12 कंटेनरों में लोड कर दिया गया है। हालांकि पीथमपुर में इस कचरे को लाने का विरोध भी चल रहा है। लेकिन इस कचरे को वहां विशेषज्ञों की मौजूदगी में नष्ट कराया जाएगा। यह चालीस साल से भोपाल में यूका परिसर में था।

## पिकअप पलटने से तीन मौत, 5 गंभीर

**उज्जैन।** आज सुबह तेज रफ्तार पिकअप पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई है तथा 14 घायल हैं, इनमें पांच की हालत गंभीर है। गंभीर घायलों को जिला अस्पताल से रेफर किया गया है। बाकी का इलाज महिदपुर में चल रहा है चालक फरार है। यह हादसा महिदपुर तहसील के डेलची गांव में हुआ। पिकअप मजदूरों को लेकर रतलाम जा रही थी। स्पीड तेज होने के चलते पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे ऊतरकर पलट गई। मजदूर नीचे दब गए। इस घटना में दो महिला व एक बालक की मौत हो गु। सभी महिलाएं मजदूर थीं और सुबह के समय खेतों में मटर तोड़ने के लिए अन्य गांवों में जा रही थीं।

## स्पीडेक्स की कामयाब लॉन्चिंग के बाद 7 जनवरी पर नजर

**श्रीहरिकोटा।** इसरो ने स्पीडेक्स स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लॉन्च कर दिया है लेकिन अब 7 जनवरी बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। 7 जनवरी 2025 को इस मिशन में अंतरिक्ष में बुलेट की स्पीड से दस गुना ज्यादा तेजी से ट्रैवल कर रहे इन दो स्पेसक्राफ्ट्स को कनेक्ट किया जाएगा।




मेट्रो एंकर

### करारी हार और खराब प्रदर्शन पर कैटिच की टिप्पणी

# विराट के गुरू ने कहा-साम्राज्य बिखर चुका अब बुमराह राजा है, किंग खत्म

**मेलबर्न, एजेंसी**
टीम इंडिया के बैटिंग ब्रिगेड के दो अहम किरदार विराट कोहली और रोहित शर्मा की फॉर्म और रन बनाने की क्षमता पर हर कोई अपने-अपने तरीके से जमकर सवाल उठा रहा है। खासकर विराट कोहली का जिस तरह का क्रिकेट में कद है उसे देखते हुए मौजूदा फॉर्म किसी भी तरह से उचित साबित कर पाना खुद उनके लिये और फैंस के लिये नामुमकिन है। क्रिकेट के किंग कहे जाने वाले विराट कोहली पर उनके ही पूर्व कोच ने बड़ा सवाल उठाया है। उनका मानना है कि किंग मर चुका है और अब ताज जसप्रीत बुमराह के सिर पर सज रहा है। यह कमेंट ऑस्ट्रेलिया के पूर्व धाकड़ बल्लेबाज साइमन कैटिच ने किया है। मगर बयान से पहले यह समझना जरूरी है कि साइमन कैटिच कैसे विराट कोहली के गुरु हैं। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज कैटिच को विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम आरसीबी का अगस्त 2019 में मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उनके नेतृत्व में आरसीबी आईपीएल 2020 में चौथे स्थान पर रही और आईपीएल 2021 के पहले चरण के दौरान तीसरे स्थान पर रही। फिलहाल कैटिच रेडियो कमेंट्री कर रहे हैं। कैटिच ने कमेंट्री के दौरान कहा- कोहली ने पिछले एक दशक में अपने वर्चस्व के लिए जो पद हासिल किया था अब वह उनसे छिन चुका है। भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह ने उनसे यह पद ले लिया है। उन्होंने आगे कहा- वह धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। राजा बुमराह ने अब पद संभाल लिया है। कोहली खुद से निराश हो चुके रहे हैं। यह उनके लिए एक बड़ी चोट थी। वह कमतर साबित हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया अपनी स्थिति से बहुत खुश होगा।






### सबसे बुरा वक्त !

कोहली इस साल 24.52 की औसत से 417 रन बना सके हैं। उनकी लाल गेंद यानी टेस्ट की फॉर्म अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया ने 5वें दिन आखिरी सत्र में 7 विकेट चटकाकर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर रिकॉर्ड भीड़ के सामने 184 रन की रोमांचक जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया के पास अब पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले 2-1 की बढ़त है। अब दोनों के बीच 3 जनवरी को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर टेस्ट खेला जाएगा।

## बीच रोड बिजली के खंबे




भोपाल के अवधपुरी स्थित बड़ा कॉलोनी रोड के बीच बिजली के खंभों की समस्या से वाहन चालक हो रहे परेशान।

# नए साल के जश्न के लिए तैयारियां जोरदार, पुलिस प्रशासन के प्रबंध भी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

आज शाम भोपाल में नये साल के जश्न के लिये जमकर तैयारी की गई हैं। नए साल का जश्न मनाने के लिए रेस्टोरेंट, होटल, बार, मैरिज गार्ड और ढाबा संचालकों ने अलग-अलग इंतजाम किए हैं। इसमें संगीत से लेकर अन्य तरह से लोगों को लुभाया जा रहा है। जबकि कई लोगों ने अपनी कालोनी में भी अपने स्तर पर पार्टी डीजे आदि के इंतजाम किये हैं। पुलिस इस जश्न को बदरंग होने से बचाने के लिये मैदान में उतरी है। करीब एक हजार जवान विभिन्न स्थानों पर आज तैनात रहेंगे। वहीं इस बार 31 दिसंबर को नए साल का जश्न मनाने के लिए करीब दो सौ अस्थाई बार लाइसेंस लिये गये हैं। कई लोगों ने 30 दिसंबर के लिए भी एक दिन के बार लाइसेंस लिया था। यह संख्या स्थायी बार लाइसेंस वाले होटल, ढाबा, बार और रेस्टोरेंट के अलावा है।हालांकि कलेक्टर ने स्पष्ट कर दिया है कि रात 12 बजे के बाद कोई बार खुला मिलता है, तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए 10 से ज्यादा टीमें बनाई गई हैं। इनका काम अवैध रूप से शराब पिलाने वालों पर कार्रवाई करने से लेकर समय सीमा का पालन कराना होगा। कोई निजी जगह पर भी व्यावसायिक रूप से शराब पिलाते पाया गया, तो कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि एक दिन के बार लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होता है। नियमानुसार कोई भी व्यक्ति घर में शराब की 4 या बीयर की 12 बॉटल तक रख सकता है। इससे ज्यादा रखने के लिए 500 रुपए में आबकारी से ऑनलाइन पजेशन लेटर लेना होता है। इसलिये पार्टी आदि के लिये लोग अस्थाई लाइसेंस लेते हैं। कोई भी निजी स्थल पर एक दिन के लिए विदेशी मदिरा के उपयोग के लिए 500 रुपए देकर लाइसेंस ले सकता है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में माह दिसंबर 2023 में 228 आकस्मिक लाइसेंस ( एफएल-5 ) लाइसेंस जारी किए गए थे।



### 500 से अधिक भीड़ तो लेनी होगी अनुमति

नए साल के जश्न में यदि किसी सार्वजनिक स्थल पर 500 से अधिक लोग देर रात्रि एकत्र हो रहे हैं तो इसकी पुलिस से अनुमति लेनी होगी। ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सकेक। भीड़ के बीच कुछ असामाजिक तत्व न घुसे और ईव टीजिंग, छेड़छाड़, स्नैचिंग आदि वारदात न हो इसके लिए यह अनुमति अनिवार्य होगी। न्यू ईयर पर होने वाली पार्टी में इस साल पड़ोसियों की सुविधा का भी याल रखना होगा। कोई भी व्यक्ति लाउड यूजिक नहीं बजा सकेगा। देर रात तक शोर नहीं होगा। तेज आवाज वाले पटाखे नहीं फोड़े जा सकेंगे। आतिशबाजी ऐसी नहीं होनी चाहिए कि दूसरे व्यक्ति की स्वतंत्रा में खलल पड़े या आतिशबाजी की चिंगारी उनके घरों में जाकर गिरे। हाउसिंग सोसाइटियों और आरडब्ल्यूए में भी यह नियम लागू होगा।



# नए साल में ट्रेनों के नंबर और समय में बदलाव

## दावा - यात्री सुविधा बढ़ेगी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

एक जनवरी 2025 से रेलवे प्रशासन भोपाल मंडल में ट्रेनों की नई समय-सारणी लागू करने जा रहा है। इस नई समय-सारणी के तहत, विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है, जिससे अधिकांश ट्रेनों की औसत गति बढ़ने के कारण यात्रियों को समय की बचत होगी। भोपाल रेल मंडल पीआरओ नवल अग्रवाल के मुताबिक बदलाव यात्रियों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। इससे ट्रेनों की संचालन गति में सुधार होगा । कुछ ट्रेनों के नंबर में भी परिवर्तन किया गया है। मसलन 2 मार्च 2025 से ट्रेन 82355 पटना-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस का नंबर बदलकर 22359 हो जाएगा4 मार्च 2025 से ट्रेन 82356 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-पटना एक्सप्रेस का नंबर बदलकर 22360 हो जाएगा। 03 मार्च 2025 से ट्रेन 15547 रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का नंबर बदलकर 22553 हो जाएगा।6 मार्च 2025 से ट्रेन 15548 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस का नंबर बदलकर 22554 हो जाएगा। 01 मार्च 2025 से ट्रेन 14623 सिवनी-फिरोजपुर एक्सप्रेस का नंबर बदलकर 20423 हो जाएगा।

# दानिश नगर की ओर जाने वाली रोड 14 जनवरी तक बंद रहेगी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

नर्मदापुरम रोड स्थित बीआरटीएस सर्विस लेन से दानिश नगर मुय मार्ग की ओर जाने वाली सड़क मंगलवार से आम आवाजाही के लिए बंद हो जाएगी। ये 14 जनवरी तक बंद रहेगी। नगर निगम निगम प्रशासन ने सडक़ निर्माण कार्य से प्रभावित क्षेत्र के रहवासियों से अपील की है कि इस दौरान आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

**ये हैं वैकल्पिक मार्ग:** सड़क बंद रहने के दौरान आशिमा मॉल, केन्द्रीय विद्यालय के सामने वाला मार्ग व प्रधान मंडपम नहर के पास वाले मार्ग का उपयोग करने निगम प्रशासन ने अपील की है।




**सीमेंट कांक्रीट रोड से रास्ता बंद:** नगर निगम के यांत्रिक विभाग जोन क्रमांक 13 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 53 में दानिश नगर मेन रोड पहुंच मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। 14 जनवरी 2025 तक ये पूरा होगा। सीसी रोड निर्माण के दौरान इस रोड पर आवागमन पूरी तरह बंद रहेगी।

# आज साल के अंतिम दिन रैनबसेरों में आयुष्मान कार्ड व स्वास्थ्य जांच

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

नवाचारों में अग्रणी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा नया साल मनाने की अनूठी पहल की गई है।आज साल के अंतिम दिन रैन बसेरों और साल के पहले दिन श्रमिकों पीठों पर नए साल के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन किए जाएंगे। इस दौरान रैन बसेरों के रहवासियों और श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। नए साल की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को रैन बसेरा शाहजहांनी पार्क और रैन बसेरा हमीदिया अस्पताल के पास शिविर लगाया जाएगा। 1 जनवरी को करोंद चौराहा और परिहार चौराहा अशोका गार्डन में श्रमिक पीठों पर शिविर लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्व प्रेरणा से इन शिविरों के आयोजन की पहल की गई है। ये विशेष शिविर रैन बसेरे में शरण लेने वाले लोगों और श्रमिक पीठों के समय की सुविधा का ध्यान रखते हुए आयोजित किए जा रहे हैं। रैन बसेरों में शाम 7और श्रमिक पीठों में सुबह 7बजे से शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में असंचारी रोगों के परीक्षण, चर्म रोग स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी बनाने की सुविधा दी जावेगी। इसके साथ ही इन शिविरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के परीक्षण एवं परामर्श की व्यवस्था भी की गई है। वेक्टर जनित रोगों की स्क्रीनिंग और नेत्र परीक्षण की सुविधा भी दी जाएगी। शिविरों में पैथोलॉजी टेस्ट निशुल्क किए जाएंगे। जिला प्रशासन और नगर निगम के समन्वय से आयोजित इन शिविरों में सामाजिक न्याय विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग का सहयोग भी लिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभाकर तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा नया साल जनस्वास्थ्य से जनकल्याण के संकल्प के साथ शुरू किया जाएगा।



**मेट्रो एंकर**

### प्रोजेक्ट टू पूरा होते ही राजधानी के पर्यटन स्थलों में होगा शुमार

# सुबह-शाम सुकून के पलों के लिए गुलाब उद्यान सबसे बेहतर जगह

## चहल-पहल के लिए प्रचार-प्रसार की जरूरत, कई पेच भी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के सीहोर नाके पर भले गुलाब उद्यान को आकार लेने में वर्षों लग गए हो, लेकिन पहले ही चरण में ही उद्यान अपने फैलाव और हरियाली से मन को सुकून देने वाला और देखने लायक बनाने वाला है। गुलाब और अन्य प्रजाति के पौधे जहां पर्यावरण से जोड़ते हैं, वहीं मानव सेवा के पुजारी स्वामी संत हिरदारामजी की प्रतिमा के दर्शन भी होते हैं। एक बार जरूर आइए संतनगर में सीहोर नाके पर नगर निगम द्वारा विकसित गुलाब उद्यान को देखने के लिए। प्रवेश करते ही मानव सेवा के प्रतीक संत हिरदारामजी के दर्शन होंगे। इसके बाद पार्क का फैलाव देखने लायक है। गुलाब की विभिन्न प्रजातियों के साथ भरपूर हरियाली है। सुबह-शाम टहलकर, जगह-जगह लगी बेंचों पर बैठकर सुकून के पल बिताए जा सकते हैं।



**देख रेख हो रही:** नव निर्मित उद्यान की देखरेख में पांच साल तक मेंटीनेंस करने वाले ठेकेदार के आधा दर्जन से कर्मचारी तैनात रहते हैं, जो साफ-सफाई पे?ों को पानी देने का काम कर रहे हैं। चौकीदार भी तैनात हैं। मेन रोड और नई सब्जी मंडी की ओर से घुसा जा सकता है।

**चहल-पहल बच्चों से हो शुरू:** जिस सोच के साथ गुलाब उद्यान को बनाया गया है, यदि वैसा ही चलता रहा तो राजधानी क्या दूर-दूर से लोग उद्यान को देखने आएंगे। विशिष्ठजनों का कहना है पार्क में चहल-पहल की शुरूआत स्कूली बच्चों से की जानी चाहिए। स्कूलों को बच्चों को पिकनिक के लिए बच्चों को यहां जाना चाहिए।

### भविष्य की योजना

बड़ी झील के किनारे स्थित गुलाब उद्यान को आने वाले समय में बेहटा स्थित सुखधाम से जोड़ा जाएगा। पर्यटन स्थल बनाने की योजना और संभावना उद्यान में है। तालाब के किनारे पाथ वे बनाने की योजना के बनाए जाने की बात कहीं जाती रही है।

**चहल-पहल में रूकावट:** सीहोर नाके पर जमीन होने से विसर्जन घाट और पार्क का निर्माण हुआ। पीएम योजना में आवासीय प्रोजेक्ट और कॉमर्शियल प्रोजेक्ट आकार ले रहे हैं। सुनसान रहने वाला इलाका आने वाले समय में खासी चहल-पहल वाला होगा। हालांकि शराब की दुकानों की मौजूदगी शाम के बाद यहां आने से लोगों को रोकने वाला है। मेन रोड के चौड़ीकरण के समय के विस्थापन को भी व्यवस्थित करने की जरूरत है।

## ९6 की उम्र में संगीत गुरू तनवानी का हुआ निधन

**भोपाल।** वरिष्ठ शास्त्रीय गायक एवं संगीत गुरु प्रताप राय तनवानी का 96 वर्ष की उम्र में भोपाल के विजय नगर स्थित उनके आवास में निधन हो गया। उन्हें अनेक प्रतिष्ठित सम्मान मिले थे। वे शास्त्रीय गायन का इस अवस्था में भी प्रतिदिन रियाज करते थे। गत एक माह से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। दादा तनवानी को वर्ष 2023 में भोपाल में अखिल भारत सिंधी साहित्य सभा का प्रतिष्ठित संगीत सम्मान प्रदान किया गया था। तनवानी गजल गायन,ठुमरी,दादरा गीत गायन में दक्ष थे। अखिल भारत सिंधी साहित्य सभा के अध्यक्ष एसपी जयसिंघानी,महासचिव अंजलि तुलसियानी,जोनल पदाधिकारी अशोक मनवानी , कविता इसरानी, जेडी गोलानी , ज्ञानचंद लालवानी ,चंद्रभान चांदवानी,संजय वर्मा,अशोक बुलानी आदि ने उन्हें श्रध्दांजलि दी है।

# सीएम की दो टूक: काम में देरी व गुणवत्ता से समझौता किया तो होंगे जिम्मेदार

## विभागों के एसीएस, पीएस, सचिव व कमिश्नर और कलेक्टरों को दी नसीहत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सीएम डॉ. मोहन यादव ने एसीएस, पीएस, सचिव और संभागों के कमिश्नर व जिलों के कलेक्टरों को दो टूक कहा है कि यदि काम में देरी की और गुणवत्ता से समझौता किया तो आप लोगों की जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। कार्रवाई के दायरे में लिया जाएगा। वह सोमवार को निवास पर रीवा, शहडोल व ग्वालियर, चंबल संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे, जिसमें यह बात कही है। बैठक में क्षेत्र के मंत्री, सांसद, विधायक, कमिश्नर, कलेक्टर समेत तमाम जनप्रतिनिधि व अधिकारी वर्चुअली जुड़े थे। जबकि विभागों के एसीएस, पीएस व कुछ मंत्री प्रत्यक्ष शामिल हुए।



### विधानसभा क्षेत्र का मास्टर प्लान बनाएं

सीएम यह भी कहा कि विधायक अपनी विधानसभा का अगले 5 साल का मास्टर प्लान बनाएं। इस तरह क्षेत्र का योजनाबद्ध विकास हो सके। सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए जनता को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें किसी प्रकार की उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। संभागों में लंबित कामों को लेकर नाराजगी जताई और कहा कि काम तय समय पर ही पूरे करें। गुणवत्ता ठीक होनी चाहिए।

### एसीएस बर्णवाल व मंडलोई को मैदान में जाने के निर्देश दिए

ग्वालियर व शहडोल संभाग के जनप्रतिनिधियों ने कई मांगे रखीं। अप्रत्यक्ष तौर पर कई अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी भी जताई। कहा कि समय पर सुनवाई नहीं हो रही है। सीएम ने बात सुनने के बाद ग्वालियर संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल 8 जनवरी को और शहडोल संभाग के प्रभारी एसीएस नीरज मंडलोई को 7 जनवरी को शहडोल में बैठक करने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि सभी जनप्रतिनिधि इन्हें लिखित में मांग-पत्र सौंप दें।

### सीएम ने ग्वालियर-चंबल संभाग की बैठक में ये निर्देश दिए

- सभी विधायक और अधिकारी सरकार की जन हितैषी योजनाओं का लाभ प्रभावितों तक पहुंचाए।
- ग्वालियर के जेसी मिल्स के मजदूरों का लंबित भुगतान कराने की प्रक्रिया तेज करें।
- गुना के राघौगढ़ क्षेत्र में हुई बोरवेल में बच्चा गिरने व उसकी मौत वाली घटना के संबंध में कलेक्टर गुना को कहा कि घटना बहुत दुःखद है। सभी कलेक्टर तय करें कि इस प्रकार की दुर्घटना दोबारा न हो। खुले बोरवेल को बंद कराने के लिए कड़ी कार्रवाई करें।
- गौ-अभयारण्य के स्थान पर गौ-वंश विहार शब्द का उपयोग करें। नगर पालिका एवं नगर निगम क्षेत्र में छोटी गौ-शालाओं का प्रबंधन करें। ब?ी गौ-शालाओं के प्रबंधन की व्यवस्था सरकार व्यवस्था करेगी।

### रीवा-शहडोल की बैठक में यह कहा

- संभाग स्तरीय बैठकों में जन-प्रतिनिधियों को बात रखने का समय नहीं मिल पाता है इसलिए सभी संभागों के प्रभारी अपर मुख्य सचिव पहले जिलेवार समीक्षा करें, सभी विधायकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बात और सुझाव सुनें, इसके बाद ही संभाग स्तर की बैठक में समन्वित रूप से लंबित निर्माण कार्यों की समीक्षा करें।
- सीधी जिले की गोड सिंचाई परियोजना का निर्माण जल्द पूरा करें। सीधी -सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग के उन्नयन कार्य की पूर्णता में आ रहे अवरोधों को दूर कर करें।
- मैहर एवं मऊगंज में 43-43 करोड़ से नए कलेक्ट्रेट भवन बनाए।
- जन-प्रतिनिधियों की मांग पर कहा कि सिंगरौली जिले के चितरंगी में शासकीय जगन्नाथ सिंह स्मृति महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संस्कृत, समाजशास्त्र एवं गृह विज्ञान आदि संकायों तथा इसी कॉलेज में स्नातकोत्तर स्तर पर हिन्दी साहित्य, समाज शास्त्र, भूगोल, संस्कृत, राजनीति शास्त्र एवं इतिहास संकाय का भी संचालन करें।
- पवित्र नगरी चित्रकूट का अयोध्या की तर्ज पर विकास करने में तेजी लाएं। प्रभारी अपर मुख्य सचिव ने बताया कि चित्रकूट के विकास के लिए नगर परिषद चित्रकूट द्वारा 60 करो? रुपए और मप्र हाऊसिंग बोर्ड द्वारा 88 करोड़ रुपए का विकास प्रस्ताव शासन को भेजा गया गया। मैहर में मां शारदा लोक के निर्माण की तैयारी तेज करें।

# कल से आईएएस कोठारी और नरहरि होंगे प्रमुख सचिव, 80 आईएएस का पद भी बढ़ेगा

## सरकार ने 82 आईएएस को दिया प्रमोशन, पदनाम और वेतन दोनों बढ़ेंगे



डॉ. नवनीत मोहन कोठारी पी. नरहरि

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) एमपी कैडर के डॉ. नवनीत मोहन कोठारी और पी नरहरि बुधवार से प्रमुख सचिव बन जायेंगे. 80 अन्य आईएएस को भी उच्च पदनाम और वेतनमान मिलेगा। सरकार ने 82 आईएएस अधिकारियों को प्रमोशन के आदेश जारी कर दिए हैं. ये 1 जनवरी 2025 से प्रभावी होंगे.

मिली जानकारी के मुताबिक 2009 बैच के 16 आईएएस को अपर सचिव से सचिव, 2011 बैच के 1 और 2012 बैच के 28 आईएएस को उप सचिव से अपर सचिव ग्रेड में प्रमोशन दिया गया है. वहीं, 2021 बैच के 9 आईएएस को पदोन्नत कर वरिष्ठ समय वेतनमान दिया गया.

### ये आईएएस अपर सचिव बने सचिव

- आईएएस प्रियंका दास, अविनाश लवानिया, सूफिया फारूकी वली, अभिषेक सिंह, धनराजू एस, इलैया राजा टी, प्रीति मैथिली, अजय गुप्ता, अमित तोमर, श्रीकांत बनोठ, शैलबाला अंजना मार्टिन, वंदना वैद्य, अनुभा श्रीवास्तव, प्रबल सिपाहा, सतेंद्र सिंह, मनीष सिंह.

### इन आईएएस को उप सचिव से अपर सचिव बनाया गया

- आईएएस वीरेंद्र कुमार, नीरज कुमार सिंह, डॉ. पंकज जैन, निधि निवेदिता, रोहित सिंह, स्वरोशी सोमवंशी, प्रवीण सिंह अढ़ायच, अनुराग वर्मा, प्रतिभा पाल, डॉ. फिटिंग राहुल हरिदास, राजीव रंजन मीना, दीपक आर्य, हर्षिका सिंह, आशीष भार्गव, कुमार पुरूषोत्तम, सुभाष कुमार द्विवेदी, रत्नाकर झा, धरणेन्द्र कुमार जैन, कृष्णदेव त्रिपाठी, अरविन्द कुमार दुबे, नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, केदार सिंह, राजेश बाथम, दिनेश कुमार बाथम, विवेक श्रोत्रिय, राजेश कुमार ओगरे, अरुण कुमार परमार, भारती जाटव ओगरे।

### ये आईएएस, जिन्हें जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड दिया गया

- आईएएस अंशुल गुप्ता, आशीष तिवारी, सिद्धार्थ जैन, जयति सिंह, स्वप्निल जी वानखड़े, प्रीति यादव, किरोड़ी लाल मीना, गौरव बैनल, हरेंद्र नारायण, मिशा सिंह, सुनील दुबे, राजेश कुमार जैन, प्रमोद कुमार शुक्ला, गजेंद्र सिंह नागेश, प्रताप नारायण यादव, अनुराग सक्सैना, मलिका निगम नागर, अजीजा सरशार जफर, सपना पंकज सोलंकी, मंजूषा विक्रांत राय, संघमित्रा गौतम, संजना जैन, शुचिस्मिता सक्सैना, कीर्ति खुरासिया, जगदीश कुमार गोमे, दिशा प्रणय नागवंशी।

### यहां आईएएस को वरिष्ठ समय वेतनमान दिया गया है

- आईएएस अर्थ जैन, वैशाली जैन, दिव्यांशी चौधरी, सृजन वर्मा, अर्चना कुमारी, अरविंद कुमार शाह, शिवम प्रजापति, टी प्रतीक राव, अनिशा श्रीवास्तव।

# नए साल में होगी राजनीतिक नियुक्तियां, लेकिन भाजपा संगठन चुनाव रोड़ा

## किसी न किसी कारण से अटक रही नियुक्तियां

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

एक साल से राजनीतिक नियुक्तियां किसी न किसी कारण से अटक रही है। अब नए साल में होगी लेकिन अभी भी भाजपा संगठन चुनाव रोड़ा है। ये चुनाव जब तक नहीं हो जाते, तब तक निगम मंडलों, व बोर्डों में नियुक्तियां नहीं होंगी।

**दिल्ली ने दी हरी झंडी:** इन नियुक्तियों के लिए पहले ही दिल्ली से हरी झंडी मिल चुकी है लेकिन किसी न किसी कारण से नियुक्तियां अटक रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि ये जितने समय तक अटकेगी, पार्टी का उतना ही नुकसान होगा। दूसरी तरफ राजनीतिक द्वेष भावना बढ़ेगी, आम कार्यकर्ताओं के मन में यह विचार आएगा कि चुनाव जीतने के बाद सत्ता व संगठन को कार्यकर्ताओं की चिंता कम होती है। केवल बातें होती है, काम नहीं होते। विशेषज्ञों के मुताबिक चुनाव परिणाम के 6 माह बाद यदि नियुक्त्यिां हो जाती तो पार्टी को ही मजबूती मिलती।

### ये हो सकते हैं नियुक्ति देने के फार्मूले

माना जा रहा है कि विधानसभा चुनाव 2023 और लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को रिकार्ड सीटों पर जीत दिलाने वाले जमीनी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति में पहले मौके दिए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक इसके बाद 10 वर्षों व उससे अधिक समय से संगठन को सींचने वाले ऐसे दिग्गजों को तवज्जो दी जाएगी, जिनके पास कोई पद नहीं थे। जबकि उन नेताओं को भी तवज्जो दी जानी है जो दोनों ही चुनावों में टिकट की दावेदारी कर रहे थे लेकिन संगठन के मनाए जाने पर मान गए।

# शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय में विभिन्न कार्यों के निर्माण का अनुमोदन

### आयुष मंत्री की अध्यक्षता में शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय की सामान्य परिषद की बैठक संपन्न

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय की सामान्य परिषद की बैठक हुई। आयुष मंत्री परमार ने महाविद्यालयीन गतिविधियों की समीक्षा की एवं विद्यार्थियों के हितों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री परमार ने महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के समग्र विकास, बेहतर अध्ययन-अध्यापन, शैक्षणिक एवं अकादमिक गुणवत्ता सुधार हेतु आवश्यक क्रियान्वयन कर, संस्थान की उत्तरोत्तर उत्कृष्टता के लिए कार्य करने के दिशा निर्देश दिए। मंत्री परमार ने महाविद्यालय में फार्मेसी, अतिरिक्त महिला छात्रावास भवन का निर्माण एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक चर्चा की। श्री परमार ने महाविद्यालय में पदस्थ व्याख्याताओं एवं अधिकारियों के समयमान-वेतनमान संबंधी प्रक्रिया एवं इसके उपरांत उच्च पद प्रभार प्रक्रिया का भी नियत समयावधि पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महाविद्यालय में नव चयनित व्याख्याताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। मंत्री ने महाविद्यालय में औषधी निर्माण शाला (फार्मेसी) शीघ्र प्रारंभ करने के लिए व्यापक कार्य योजना के साथ, आवश्यक यंत्र, उपकरण एवं मशीनरी आदि की उपलब्धता नियमानुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री परमार ने राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग नई दिल्ली के द्वारा प्रत्यायोजित दो विषयों सामुदायिक चिकित्सा एवं डर्मेटोलॉजी में स्नातकोत्तर एम.डी. होम्योपैथी पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जाने एवं इसके लिए मापदण्डानुसार आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री ने छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत वर्तमान में संचालित 200 बिस्तरीय बालिका छात्रावास के साथ, 150 बिस्तरीय अतिरिक्त छात्रावास भवन के निर्माण का अनुमोदन किया। महाविद्यालय भवन के चहुंओर बाउंड्रीवॉल निर्माण करने को भी कहा। महाविद्यालय के विद्यार्थियों के सुलभ आवागमन के लिये कॉलेज बस क्रय करने के लिए भी अनुमोदन किया। महापौर मालती राय ने होम्योपैथिक वेलनेस सेंटर के ऊपर एक फ्लोर के निर्माण कार्य कराये जाने, परिसर में हाईमास्क लाइट लगवाने एवं सीवेज समस्या के निराकरण करने की बात कही। बैठक में प्रमुख सचिव आयुष डी.पी. आहूजा, आयुक्त आयुष उमा आर. माहेश्वरी, प्रधानाचार्य डॉ. एस.के. मिश्रा सहित सामान्य परिषद के अन्य सदस्यगण मौजूद थे।




संपादकीय

# उम्मीद मजबूत अर्थव्यवस्था की

भारतीय रुपये की कीमत इस वक्त विदेशी मुद्रा भंडार और डॉलर के मुकाबले गिरना आर्थिक विकास की दृष्टि से गंभीर चिंता का विषय है। हालांकि डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर लंबे समय से नीचे का रुख किए हुए है। अब विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से घटना शुरू हो गया है। बीते सप्ताह शुक्रवार को इसमें 8.48 अरब डालर की कमी दर्ज की गई। यह 2008 की मंदी के बाद अब तक की सबसे बड़ी गिरावट कही गई है। इसके पिछले हफ्ते भी 1.99 अरब डालर की गिरावट दर्ज हुई थी। सितंबर में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब अमेरिकी डालर के अपने सर्वाधिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। मगर उसके बाद इसमें लगातार कमी दर्ज हो रही है। जो अब गिरकर 644.87 अरब अमेरिकी डालर पर पहुंच गया है। यूं तो इसे अभी चिंताजनक नहीं माना जा सकता, मगर जिस तरह निरंतर गिरावट दर्ज हो रही है, वह अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय जरूर है। विदेशी मुद्रा भंडार गिरने का अर्थ है कि अपेक्षित विदेशी निवेश नहीं आना। इसकी वजह भी साफ है। अमेरिकी डालर लगातार मजबूत हो रहा है, जिसके चलते विदेशी निवेशक भारत से अपना पैसा निकाल कर लगाने लगे हैं। दुनिया के कारोबार में डॉलर की स्थिति अहम भूमिका निभाती है। डालर कमजोर होता है, तो विदेशी निवेशक दूसरे देशों का रुख करने लगते हैं। मगर जैसे ही डालर मजबूत होने लगता है, वे अमेरिकी बाजार का रुख कर लेते हैं। कोरोना के बाद मंदी की मार झेल रहे अमेरिका के फेडरल रिजर्व ने अपने यहां ब्याज दरों में बदलाव किए। इससे निवेशकों को वहां निवेश करने के लिए आकर्षित करने में मदद मिली। फिर, डोनाल्ड ट्रंप के दुबारा राष्ट्रपति चुने जाने और आर्थिक नीतियों को लेकर उनके बयानों से निवेशकों में विश्वास जगा है कि निवेश की दृष्टि से अमेरिका ज्यादा फायदेमंद जगह है। इसका असर भारत के मुद्रा भंडार पर भी पड़ा है।मगर केवल यही कारण प्रमुख नहीं है। सबसे अहम बात है कि हमारा व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। निर्यात पर जोर देने के बावजूद इसमें बेहतरी के संकेत नजर नहीं आ रहे। आयात लगातार बढ़ रहा है। इसका सीधा असर घरेलू उत्पादन और बाजार पर पड़ रहा है। यह अकारण नहीं है कि पिछली कुछ तिमाहियों से विनिर्माण क्षेत्र हिचकोले खाता नजर आ रहा है। सभी महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में औद्योगिक उत्पाद गिरा है। जब तक इस क्षेत्र में मजबूती नहीं आएगी, तब तक रुपए की कीमत और विदेशी मुद्रा भंडार में बेहतरी की उम्मीद धुंधली बनी रहेगी। रुपए की कीमत गिरने से विदेशी निवेशकों का उत्साह भी कम होता है। कोई भी निवेशक ऐसी जगह अपना पैसा नहीं लगाना चाहता, जहां उसे मुनाफा न हो। फिर तमाम कोशिशों के बावजूद महंगाई अपने उच्च स्तर पर बनी हुई है, जिसके चलते भारतीय बाजार में चमक नहीं लौट पा रही। इसका बड़ा कारण प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी न हो पाना है। पिछले कई सालों से लोगों की आय यथावत बनी हुई है, जबकि उसकी तुलना में महंगाई काफी बढ़ चुकी है। जाहिर है, इसके चलते उपभोक्ता व्यय घटा है। ऐसी स्थिति में स्वाभाविक ही सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की दर नीचे गई है। जब तक मानव विकास के मोर्चे पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जाएगा, तब तक तदर्थ उपायों से अर्थव्यवस्था में बेहतरी लाने की कोशिशें नाकाम ही साबित होंगी। नए साल में उम्मीद की जाना चाहिये कि दूरगामी प्रभाव वाले ठोस फैसलों से हालात बदलेंगे।

**प्रसिद्धि श्वेत वस्त्र के सदृश है जिस पर एक धब्बा भी नहीं छिप सकता ।**
**-प्रेमचन्द**

## आज का इतिहास

- 2014- चीन के शंघाई शहर में नए साल की पूर्व संध्या पर मची भगदड़ में कम से कम 36 लोग मारे गए और 49 अन्य घायल हो गये।
- 2007- म्यांमार की सैन्य सरकार ने सात विपक्षी नेताओं को गिरफ़्तार किया।
- 2005- सुरक्षा कारणों से संयुक्त राज्य अमेरिका ने मलेशिया में अपने दूतावास को अनिश्चित काल के लिए बंद किया।
- 2004- ब्यूनर्स आयर्स (अर्जेन्टीना) के एक नाइट क्लब में आग लगने से 175 लोगों की मौत।
- 2003- भारत और सार्क के दूसरे देशों के विदेश सचिवों ने शिखर सम्मेलन से पहले वार्ता शुरू की।
- 2001- भारत ने पाकिस्तान को 20 वांछित अपराधियों की सूची सौंपी।
- 1999- इंडियन एयरलाइंस के विमान 814 का अपहरण कर अफ़ग़ानिस्तान के कंधार एयरपोर्ट ले जाया गया। सात दिन के बाद 190 लोगों की सुरक्षित रिहाई के साथ यह बंधक संकट टला।
- 1998- रूस द्वारा कज़ाकिस्तान अंतरिक्ष केंद्र से तीन उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण।
- 1997- मोहम्मद रफ़ीक तरार पाकिस्तान के 9वें राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 1988- परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया जो 27 जनवरी 1991 से प्रभावी हुआ।
- 1984- राजीव गाँधी 40 वर्ष की उम्र में भारत के सातवें प्रधानमंत्री बने।
- मो. अज़हरुद्दीन ने इंग्लैंड के खिलाफ़ टेस्ट मैच खेलकर अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जीवन की शुरुआत की। बाद में वे भारतीय टीम के कप्तान भी बने।
- 1983- ब्रुनेई को ब्रिटेन से आजादी मिली।
- 1981- घाना में सैनिक क्रान्ति द्वारा राष्ट्रपति डॉक्टर लिम्मान सत्ताच्युत एवं फ़्लाइट लेफ़्टिनेंट जेरी रालिंग्स ने सत्ता संभाली।
- 1964- इंडोनेशिया को संयुक्त राष्ट्र से निष्कासित किया गया।
- 1962- हालैंड ने दक्षिण पश्चिम प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप न्यू गिनी को छोड़ा।
- 1949- विश्व के 18 देशों ने इंडोनेशिया को मान्यता दी।
- 1944- अमेरिकी राज्य उताह के ओगडन में रेल दुर्घटना में 48 लोगों की मौत।

## निशाना

### तय करती पर जनता !



-कृष्णेन्द्र राय

**मेहनत का फल है मिला ।**
**ना बस हवा हवाई ।।**
**हो जाती जब अति ।**
**है फिर जगहंसाई ।।**
**मिला फिर से मौका ।**
**जनमत का आदेश ।।**
**तय करती है जनता ।**
**कौन है विशेष ।।**
**है उतरना खरा ।**
**रखना फिर से ध्यान ।।**
**वरना फिर रसातल ।**
**आता जब गुमान ।।**
**अपने अपने स्तर पर ।**
**सबका हुआ प्रयास ।।**
**तय करती पर जनता ।**
**कौन उसे पर रास ।।**

# नए वर्ष 2025 की सुनहरी तस्वीर के साथ चुनौतियों की रेखाएं

■ आलोक मेहता



लंदन से आए एक मित्र ने पिछले दिनों मुझसे जानना चाहा कि नया वर्ष 2025 में भारत की राजनीतिक आर्थिक स्थिति और शक्ति कैसी होगी ? मेरा उत्तर था - 'अब तो ब्रिटैन अनेरिका ही नहीं चीन और ईरान जैसे देश भी ज्योतिषियों की भविष्यवाणियों पर भरोसा करने लगे हैं या कंप्यूटर टेक्नोलॉजी ए आई तक पर भरोसा करने लगे हैं। हम उनकी तरह हिसाब नहीं लगते। मेरा तो अनुभव यह है कि पिछले दशकों में भारत या विदेशों में की गई भविष्यवाणियां कभी सही कभी गलत साबित हुई हैं। लेकिन भारत की वर्तमान प्रगति को देखते हुए यह कह सकता हूँ कि 2025 में भारत की राजनीतिक सामाजिक और आर्थिक शक्ति न केवल बढ़ेगी , वरन दुनिया के लिए महत्वपूर्ण निर्णायक भूमिका निभा सकती है। 'जहाँ तक भविष्यवाणियों की बात है ,फ्रांस के 16वीं सदी के प्रसिद्ध ज्योतिष नास्त्रेदमस की कई भविष्यवाणियां सच हो चुकी हैं जिसमें हिटलर के उदय और 9/11 के हमलों जैसी घटनाएं शामिल हैं। साथ ही कोविड पर किया गया उनका दावा भी सही साबित हुआ। इसी तरह साल 2025 को लेकर भी उन्होंने कुछ भविष्यवाणी कर रखी हैं।नास्त्रेदमस की मानें, तो आने वाला साल पूरे विश्व के लिए काफी मुश्किलों भरा रहने वाला है। नास्त्रेदमस ने अपनी भविष्यवाणियों में साल 2025 में तीसरे विश्व युद्ध को लेकर चेतावनी दी है. उनके द्वारा दावा किया गया है कि यह युद्ध तबाही की वजह बन सकता है। नास्त्रेदमस ने अपनी भविष्यवाणी में दुनियाभर में आर्थिक संकट की ओर इशारा किया। इस आर्थिक संकट से मैक्सिकों, लैटिन अमेरिकी देश और यूरोप जूझता नजर आ सकता है। दूसरी तरफ भारत के प्रसिद्ध स्वामी और ज्योतिर्विद योगेश्वरानंद की भविष्यवाणी है कि मई, 2025 भारत के भविष्य के लिए टर्निंग पॉइंट साबित होगा. उन्होंन साल 2025 को लेकर एक दुर्लभ खगोलीय घटना के बारे में कुछ दिलचस्प भविष्यवाणियां साझा कीं, जो कि देश में बड़े बदलाव ला सकती है, जिससे भारत की तस्वीर हमेशा के लिए बदल जाएगी और साल 2025 से भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत होगी।




आशावादी होने के कारण हम जैसे पत्रकार यह कह सकते हैं कि सारी कमियों , गड़बड़ियों , हिंसा , आंदोलन और भ्रष्टाचार आदि के बावजूद भारत कमजोर नहीं होने वाला है। वर्ष की शुरुआत ही प्रयाग के महाकुम्भ पर्व से होने वाली है , जो धार्मिक सांस्कृतिक आस्था के साथ करोड़ों लोगों को जोड़ने वाला है। संचार परिवहन तथा अन्य संसाधन बढ़ने से महाकुम्भ अधिक भव्य हो रहा है। दुनिया भर से भी लोग प्रयाग के साथ काशी , अयोध्या , मथुरा , आगरा , दिल्ली , सोमनाथ द्वारका , पुरी और तिरुपति पहुँचने वाले हैं। इसी तरह 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर रुसी राष्ट्रपति या अन्य राष्ट्राध्यक्ष के परेड समारोह में भारत की बढ़ती आधुनिक सैन्य शक्ति और भारत में तेजी से हो रही आर्थिक प्रगति , सामाजिक सांस्कृतिक विविधता के साथ एकता के दार्शन दुनिया को होंगे। पिछले दस वर्षों और खासकर 2024 में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार , संसद और सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिए गए ऐतिहासिक फैसलों का लाभ 2025 में दिखने लगेगा। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रादेशिक स्वायत्तता और प्रतियोगिता के कारण बेटियों को पढ़ाने बढ़ाने और आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य की लाभकारी योजनाओं का लाभ मिलता दिखाई देगा। लोग यह बात ध्यान नहीं देते कि सम्पन्न विकसित देश अमेरिका के सर्व शक्तिमान राष्ट्रपति भी ओबामा केयर स्वास्थ्य योजना लागू नहीं कर सके हैं। इसी तरह ब्रिटेन में तो सामान्य जनता की नेशनल हेल्थ सर्विस बुरी तरह चरमराई हुई है। बीमार होने पर एन एच एस के अस्पताल में डॉक्टर से समय कई दिन बाद मिलता है और गंभीर आपरेशन के लिए महीनों की प्रतीक्षा सूची रहती है। भारत में सरकारी या प्राइवेट अस्पताल अथवा छोटे क्लिनिक के अलावा आयुर्वेदिक प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र उपलब्ध हैं। अब तो ब्रिटेन के किंग चार्ल्स के परिवार को प्राकृतिक चिकित्सा के लिए दो साल से भारत आना पड़ रहा है। 2025 में नए स्कूलों के अलावा नए कॉलेज , यूनिवर्सिटी के साथ कौशल विकास के शिक्षा केंद्रों से लाखों युवाओं के भविष्य के रास्ते खुलेंगे। स्व रोजगार , स्टार्ट अप , लघु , मध्यम या बड़े उद्योगों में अरबों रुपयों का देशी विदेशी पूंजी लगने से भारत की आर्थिक प्रगति विश्व को प्रभावित करने वाली है।

नए वर्ष का प्रारम्भ दिल्ली विधान सभा चुनाव स1 होगा और साल के अंतिम तिमाही में बिहार विधान सभा के चुनाव होने हैं। एक केंद्र शासित दिल्ली और विशाल बिहार के दो चुनाव कई मायने में भारत के राजनैतिक दलों की दशा दिशा और भविष्य तय करने वाले हैं। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी और बिहार में लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल और नीतीश कुमार के जनता दल की जय पराजय से पार्टियों का भविष्य तय होगा। वहीँ राहुल गाँधी की कांग्रेस पार्टी को दिल्ली तथा बिहार में अस्तित्व की लड़ाई लड़नी होगी और फिलहाल अँधेरी गुफा दिख रही है। भारतीय जनता पार्टी को नया अध्यक्ष तय करने के साथ इन दो राज्यों में हरियाणा , महाराष्ट्र की तरह भारी सफलता लाकर दिखाने की चुनौती होगी। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने जिस तरह जम्मू कश्मीर में 370 को ख़त्म करने और संसद विधान सभाओं में महिला आरक्षण के ऐतिहासिक कदम उठाए ,उसी तरह समान नागरिक संहिता और एक देश एक चुनाव के अपने लक्ष्य को अधिकाधिक समर्थन जुटाकर संसद से स्वीकृति लेकर नया इतिहास बनाने की चुनौती रहने वाली है। इन निर्णयों के दूरगामी परिणाम होंगे।

विश्व में अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प , रुसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ भारत के सामान स्तर पर घनिष्ठ संबंधों का असर नए वर्ष में दिखेगा। इसका लाभ पडोसी चीन और पाकिस्तान के साथ रिश्तों पर गहरा प्रभाव होगा। आर्थिक जगत में विश्व बैंक सहित कई अनतर्राष्ट्रीय संगठन 2025 से आने वाले दस वर्षों और 2047 तक भारत की आर्थिक शक्ति बढ़ने की आशा व्यक्त कर रहे हैं। एक दिलचस्प बात यह है कि आजकल भारत सरकार से बेरुखी रखने वाले नोबेल विजेता अर्थ शास्त्री ने कई वर्ष पहले ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय में यह दावा किया था कि यूरोपीय देशों को आर्थिक विकास के लिए भारत से बहुत कुछ सीखना चाहिए झ खासकर वित्तीय घाटे को संतुलित करने के प्रयास यूरोप अमेरिका के लिए सबक हो सकते हैं। इसलिए आने वाले वर्ष भारत को केवल सपने नहीं देखना सपनों को साकार करना है। इसके लिए केवल राजनीतिक दलों और चुनावी व्यवस्था में ही नहीं न्यायिक व्यवस्था और मीडिया में नई आचार संहिता ( कोड ऑफ़ इथिक्स ) अवश्य निर्धारित कर उसका पालन भी करना होगा। लोकतंत्र में विश्वसनीयता सबसे बड़ी शक्ति है। विश्व गुरु बनने की क्षमता को साबित करने का समय आ रहा है। नए वर्ष 2025 के लिए अग्रिम शुभकामनाएं।

**(साभार : लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, यह के निजी विचार हैं)**

# सीरिया संकट: कट्टरपंथियों के वर्चस्व से बढ़ी वैश्विक चिंताएं

■ डॉ. एन.के. सोमानी

पिछले दिनों मिडल ईस्ट के सीरिया में जो तख्तापलट की घटना हुई उसके बाद अरब स्प्रिंग फिर चर्चा के केन्द्र में आ गया है। अरब स्प्रिंग या क्रांति के दौरान मध्यपूर्व में दशकों से सत्ता के केन्द्र में रहे शाही परिवारों व सैन्यशासकों को रुख्सत होना पड़ा था। सैन्य शासकों की ज्यादतियों और तानाशाही के खिलाफ ट्‍यूनीशिया में जो चिंगारी सुलगी उसने अरब गणतंत्र की कई बड़ी शक्तियों को अपनी जद में ले लिया था। मिस्त्र के हुस्नी मुबारक हो या लीबिया के कर्नल गद्दाफी- इन तनाशाही शासकों को या तो देश छोड़कर भागना पड़ा या मौत के घाट उतार दिए गए। यमन के अली अब्दुल्ला सालेह के साथ भी ऐसा ही हुआ। तानाशाहों की सत्ता किस तरह से कुछ ही क्षणों में भरभराकर गिर जाती है, उस वक्त दुनिया ने देखा था। रूस और ईरान जैसी बड़ी ताकतों के साथ मिल जाने के कारण उस वक्त सीरिया का 'प्रेसिडेंशियल पैलेस' विद्रोहियों की पहुंच से बच गया था। अब जिस ढंग से सीरिया में तानाशाह राष्ट्रपति बशर-अल-असद को देश छोड़कर भागना पड़ा है उसे देखकर अरब स्प्रिंग की याद ताजा हो जाती है। तख्तापलट के बाद विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेता मोहम्मद अल-जुलानी ने मोहम्मद अल-बशीर को कार्यवाहक सरकार का मुखिया नियुक्त करते हुए जन सहमति से सरकार बनाने की बात कही है। उन्होंने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने का वादा किया है। लेकिन साथ में उन्होंने यह भी कहा है कि शासन इस्लामिक सिद्धातों पर आधारित होगा। इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) की वजह से सीरिया पहले से ही काफी खराब स्थिति में है। अब जुलानी की जिस तरह से इस्लामिक सिद्धांतों के आधार पर शासन चलाने की योजना है उससे वैश्विक समुदाय की चिंता बढ़ गई है। खासतौर से ईरान की।

तख्तापलट के बाद जिस तरह से विद्रोही गुट के लड़ाकों की ओर से असद समर्थकों पर अत्याचार की तस्वीरें सामने आ रही हैं, उसे देखते हुए यह सवाल उठने लगा है कि कहीं सीरिया फिर से आईएसआईएस की गिरफ्त में तो नहीं आ जाएगा। यह सवाल इसलिए भी अहम हो जाता है क्योंकि एचटीएस अलकायदा की कोख से ही निकला हुआ आतंकी संगठन है। सीरिया में शासन व्यवस्था का स्वरूप कैसा होगा यह देखना भी काफी दिलचस्प होगा। एचटीएस नेतृत्व वाले समूह में तुर्किये की समर्थन वाली सीरिया राष्ट्रीय सेना अर्थात्‍ एसडीएफ के शामिल होने की बात भी कही जा रही है। अगर ऐसा होता है तो सीरिया की पूरी व्यवस्था एचटीएस, कुर्द, एसडीएफ और स्थानीय मिलिशिया समूहों में बंटी हुई दिखाई देगी।



ऐसे में अत्याधुनिक हथियारों से सुसज्जित और परस्पर विपरीत हितों के लिए संघर्षरत इन गुटों के बीच एकता और शांति की बात करना हाथी को सूई के छेद से निकालने के बराबर होगा। ऐसे में सीरिया और उसकी अवाम का भविष्य क्या होगा, यह प्रश्न भी कौतूहल बढ़ा रहा है। पूरे घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि क्रांति के दौरान रूस और ईरान जैसे देशों द्वारा राष्ट्रपति बशर-अल-असद और उनके समर्थकों को जो हथियार दिए गए थे, उनका क्या होगा। हथियारों का यह जखीरा सीरिया की सत्ता पर काबिज चरमपंथी गुटों के हाथ लग गया तो इसका उपयोग वह कब, कहां और किस रूप में करेंगे, यह प्रश्न सीरियाई अवाम के लिए जितना चिंताजनक है, उससे कहीं अधिक विश्व समुदाय के लिए भी है। कुल 3.35 करोड़ की आबादी वाला सीरिया आर्थिक व भू-राजनीतिक दृष्टि से पश्चिम एशिया का अत्यंत महत्वपूर्ण देश है। इसकी सीमाएं इराक, तुर्कीये, जॉर्डन, लेबनान व इस्राइल जैसे देशों से लगती हैं। सीरिया पर नियंत्रण अहम व्यापार मार्गो, ऊर्जा गलियारों तक पहुंच प्रदान करता है। पश्चिमी एशिया में वह रूस का सबसे भरोसेमंद पार्टनर रहा है। ऐसे में सवाल यह भी उठ रहा है कि अचानक असद की सत्ता का अंत कैसे हो गया।

दरअसल, अरब स्प्रिंग के दौरान जब सीरिया में बशर-अल-असद के खिलाफ प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हुआ तो उस वक्त रूस और ईरान की मदद से असद उसे कुचलने में कामयाब हो गये थे। लेकिन अब स्थिति पूरी तरह से बदल चुकी है। रूस और ईरान दोनों ही अपनी-अपनी समस्याओं में उलझे हुए हैं। पुतिन यूक्रेन को निपटाने में व्यस्त हैं। अली खामेनेई इस्राइली मोर्चे पर डटे हुए हैं। रणनीतिक हित और भू-राजनीतिक स्थितियां भी दोनों नेताओं के हाथ बांधे हुए हैं। रूस को लगता है कि यूक्रेन युद्ध अब अपने अंतिम चरण में है। ऐसे में वह यूक्रेन के अधिक से अधिक भू-भाग पर कब्जा करना चाहता है ताकि संघर्ष विराम की स्थिति में वह उसे अपने पास रख सके। इस रणनीतिक हित के कारण वह अपनी पूरी सैन्य क्षमता के साथ यूक्रेन के मोर्चे पर डटे रहना चाहता है। दशकों तक असद की ढाल बने रहने वाला ईरान भी हमास और हिजबुल्ला के सर्वोच्च कमांडरों के मारे जाने के बाद खौफ की स्थिति में है। अमेरिका और इस्राइली हमले के अंदेशे के चलते वह सीरिया में सीधे हस्तक्षेप से बच रहा है। लब्बोलुआब यह कि 2011 जैसी स्थिति अब नहीं थी। ऐसे में रूस और ईरान की नाक का बाल बने असद अकेले पड़ गए थे। विद्रोही गुटों ने हालात का फायदा उठाया और दमिश्क पर चढ़ाई कर दी। हालांकि, पिछले कई वर्षों से असद की शिया सरकार और विभिन्न चरमपंथी गुटों के बीच संघर्ष चल रहा था। लेकिन जिस नाटकीय ढंग से असद सरकार का पतन हुआ और जिस तरह से वहां की फौज ने बिना लड़े ही हथियार डाले हैं, उस पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब असद सरकार के पतन के बाद जिस तरह से इस्राइली सेनाओं द्वारा गोलान के पहाड़ी रास्तों से सीरिया के अंदर हमले करने के समाचार आ रहे हैं, उससे शक की सूई मोसाद (इस्राइल की खुफिया एजेंसी) की ओर भी घूम रही है। पश्चिम एशिया में इस्राइल ही एक ऐसा देश है जिसे असद सरकार के पतन का सबसे बड़ा लाभकारी पक्ष कहा जा रहा है। वह शुरू से ही यहां सीमाओं के विस्तार और बफर जोन के निर्माण की नीति में जुटा हुआ है। सीरियाई सेना की क्षमता को कुंद करना उसका इसी नीति का हिस्सा हो सकता है।

हालांकि, असद सरकार के पतन के बाद अब दुनिया के कई ताकतवर देश वहां हालात सामान्य बनाने की कोशिशों में लगे हुए हैं लेकिन अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद जिस तरह से दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में इस्लामिक चरमपंथ का उभार हो रहा है, उसे देखते हुए सीरिया की सत्ता पर काबिज एचटीएस लोकतांत्रिक व्यवस्था के मार्ग पर आगे बढ़ेगा, यह संदेहास्पद ही है।

**(साभार : लेखक अंतर्राष्ट्रीय मामलों के प्राध्यापक हैं।)**

# नर्मदा घाटों सहित नगर के चौक चौराहों पर भी चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

शहर के कोरी घाट पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा हर रविवार को चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान ने स्वच्छता और जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अभियान का नेतृत्व अखिल भारतीय महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव ने किया। रविवार सुबह 8 बजे शुरू हुए इस अभियान में घाट और उसके आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई। नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा के नेतृत्व में घाट के आसपास भी सफाई अभियान चलाया। अभय वर्मा ने कहा कि समाज द्वारा घाट सहित शहर को स्वच्छ रखने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। हर रविवार यह कारवां बढ़ता जाएगा। इस मौके पर अशोक वर्मा, केशव वर्मा, अश्विनी वर्मा, विजय वर्मा, ज्योति वर्मा, ऊषा वर्मा, शीतल श्रीवास्तव, सारिका सक्सेना, रश्मि वर्मा, परी श्रीवास्तव, दक्ष खरे, ज्योति अभय वर्मा, अनीता वर्मा सहित अन्य लोग सफाई अभियान में शामिल हुए।।

महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव ने बताया कि इस अभियान में न केवल कायस्थ समाज के लोग बल्कि अन्य समाज के लोग भी भारी संख्या में शामिल हुए। नीतू श्रीवास्तव ने कहा कि अभियान नर्मदा के सभी घाटों पर निरंतर

**कायस्थ समाज मां नर्मदा को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने का दे रहे संदेश**

जारी रहेगा। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य केवल स्वच्छता नहीं है, बल्कि आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक सुंदर और स्वच्छ नजारा प्रस्तुत करना है।

परी श्रीवास्तव ने कहा कि घाटों पर स्वच्छता की दिशा में हम प्रयास कर रहे हैं। स्वच्छता अभियान के दौरान घाट पर नहाने वाले श्रद्धालुओं को जागरूक किया गया कि वे नर्मदा नदी में



कचरा न फैलाएं। विशेष रूप से कपड़े, फूल-मालाएं और साबुन जैसे प्रदूषक सामग्री को नदी में डालने से बचने की अपील की गई। मां नर्मदा को प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ बनाए रखने का संदेश इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

महासभा की पदाधिकारी ज्योति अरविंद वर्मा ने कहा कि हम लोगों को साफ सफाई को लेकर जागरुक कर रहे हैं। घाटों और मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में बड़े कचरे को हटाने का कार्य किया गया। घाट पर स्नान करने वाले लोगों को न केवल साफ-सफाई बनाए रखने बल्कि इसे एक आदत में बदलने की प्रेरणा दी गई। ज्योति अरविंद वर्मा ने कहा कि मां नर्मदा हमारी आस्था और जीवन का स्रोत हैं। इसे स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। यह अभियान न केवल सफाई का प्रयास है, बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश भी है। हमें नर्मदा की पवित्रता को बनाए रखने के लिए मिलकर काम करना होगा।

दक्ष खरे और रश्मि वर्मा ने बताया कि यह अभियान नर्मदा नदी के सभी घाटों के साथ-साथ शहर के प्रमुख चौक-चौराहों तक भी विस्तारित होगा। उन्होंने कहा, हर नागरिक का कर्तव्य है कि इस अभियान में भाग लें और अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाएं।

हर रविवार को विशेष सफाई अभियान आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही घाटों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। चौक-चौराहों और धार्मिक स्थलों की सफाई की जाएगी। नदी के जल को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए विशेष प्रयास होंगे।

## होम साइंस कॉलेज की छात्राओं ने विज्ञान मेले में प्रदर्शनियों का अवलोकन किया



**नर्मदापुरम।** शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम के विज्ञान की छात्राओं ने 27 से 30 दिसंबर 2024 तक आयोजित हुए भोपाल विज्ञान मेला-2024 में सक्रिय रूप से भाग लिया। मेले का आयोजन विज्ञान भारती एवं मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्था भोपाल द्वारा भोपाल स्थित जंबूरी मैदान भोपाल में किया गया। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विज्ञान विषय की 56 छात्राओं एवं अध्यापकों ने अपनी सहभागिता दी। मेले का उद्देश्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति लोगों में जागरूक पैदा करना होता है इस मेले में विभिन्न प्रदर्शनी, वैज्ञानिक कार्यशाला, व्याख्यान का आयोजन किया गया और विकासशील भारत के लिए प्रोद्योगिकी और नवाचार के महत्व को समझाया गया। वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, उद्यमियों एवं जन सामान्य को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मेले में विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई। यह मेला विद्यार्थियों के लिए अत्यधिक प्रेरणादायक और शिक्षाप्रद साबित हुआ। इसमें छात्राओं ने न केवल विज्ञान के प्रति अपनी रूचि को बढ़ाया बल्कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में अपने योगदान को समझा। इस आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दीपक अहिरवार, धीरज खातरकर, डॉ. प्रगति जोशी, श्रीमती प्रीति मालवीय, रैनी राजपूत, श्रीमती दुर्गा जोशी एवं छात्राएं सम्मिलित रहे।

## पत्रकार के खिलाफ मामला दर्ज, एसडीएम को सौपा ज्ञापन



**इटारसी।** पिछले दिनों सिवनी मालवा के पत्रकार केके यदुवंशी के खिलाफ सिमनी मालवा नगर पालिका सीएमओ शीतल भल्लवी द्वारा थाने में शासकीय कार्य मे बाधा उत्पन्न करने का मामला दर्ज कराया था, इसके बाद पूरे नर्मदापुरम जिले में सीएमओ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन पत्रकारों द्वारा किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नर्मदापुरम पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद पगारे द्वारा इटारसी के समस्त पत्रकारों को एकत्रित कर स्थानीय जयस्तंभ चौक पर सीएमओ शीतल भलावी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ ही इटारसी एसडीएम टी प्रतीक राव को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौपा है। पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि यदुवंशी के खिलाफ मामला वापस लिया जाए । इस अवसर पर पत्रकार रोहित नागे,पुनीत दुबे, मंजू ठाकुर हिमांशु मिश्र, राजेश दुबे, इंद्रपाल सिंह, बसंत चौहान, अरविंद शर्मा, दिलीप शर्मा ,खेमराज परिहार ,राहुल अग्रवाल, भूपेंद्र विश्वकर्मा, राहुल शरण ,शैलेंद्र पाली, प्रदीप तिवारी ,कन्हैया गोस्वामी, राजकुमार बावरिया, मंगेश यादव ,अजय दुबे ,मुकेश गांधी, कुशल नवथले देवेंद्र तिलोटिया, पुनीत मालवीय, रामबाबू अहिरवार, विक्रांत श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## जीनियस प्लानेट स्कूल में राजस्थानी लोक संगीत का आयोजन




**इटारसी।** स्पीक मैके चैप्टर इटारसी द्वारा जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राजस्थानी लोक संगीत का गरिमामय कार्यक्रम आयोजित हुआ द्य कार्यक्रम में रोजे खान एवं उनके समूह सदस्यों के द्वारा, केसरिया बालम आओ नी पधारो म्हारे देश, नींबू लाई दो, दमा दम मस्त कलंदर और छाप तिलक सब छीनी रे, मोसे नैना मिलाके की अप्रतिम प्रस्तुतियां दी। इन प्रस्तुतियों के मध्य लीला देवी द्वारा भवाई नृत्य एवं रेखा द्वारा कालबेलिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

### सरपंच सचिव ने किया निर्माण सामग्री के नाम फर्जीवाड़ा

# हद हो गई... मंदिर निर्माण के लिए केवल कागजों में ही खरीदी सामग्री

- **सीईओ के नोटिस का जवाब न देने पर पंचायत के खातों पर लगाया होल्ड**

**विशाल रजक तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक की अजीतपुर ग्राम पंचायत में पंचायतकर्मियों की मिली भगत से मंदिर निर्माण की सामग्री बिल लगाकर कागजों में खरीद ली गई और मौके पर कुछ नहीं है शिकायत होने पर जनपद सीईओ ने नोटिस काटकर जवाब मांगा और जवाब नहीं दिया तो सीईओ ने पंचायत के खातों पर होल्ड लगा दियाअभी तक पंचायतों में निर्माण कार्य में लापरवाही या अन्य कार्य अधूरे होने की खबरें तो आए दिन सुनने मिलती है, लेकिन अजीतपुर ग्राम पंचायत में तो मंदिर के टीन शेड निर्माण की सामग्री को ही कागजों में खरीद लिया गया।

### यह है मामला

ब्लॉक की अजीतपुर ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम निबोरा में हनुमान मंदिर परिसर में एक टीन सेट का निर्माण होना था जिसके लिए पांचवें वित्त से राशि व्यय हो रही थी। पंचायत ने बिल लगाकर राशि तो निकाल ली, लेकिन वह सामग्री आज तक मंदिर नहीं पहुंची जो पंचायत ने खरीदी है मंदिर आज



भी बिना टीन सेट के है।

जबकि पंचायत ने राशि व्यय के रूप में काफ़ी महगें पाइप खरीदी किये है एक पाइप की क़ीमत 720 रुपये के करीब है यह खरीदी दो से तीन माह पूर्व हो चुकी है। इसके अलावा सीमेंट, मुरम सहित अन्य सामग्री की खरीदी भी बिलों पर की गई है, लेकिन जमीनी स्तर से यह पूरा कार्य गायब है शिकायतकर्ता ने जनपद सीईओ को बिल सहित मंदिर की फोटो भेजी थी जहां मंदिर



5579146165 ॥ JAI SHRI RAM ॥
M/S YADAV CONSTRUCTION COMPANY
Ward No. 8, Vidha Nagar, Main Road Damoh-Jabalpur, Town/City Tendukheda
Mob. No. : 7828578093, 7869374194

Bill No. 013 कोड 10168770 Date 12.10.2024
Name सरपंच ग्राम पंचायत अजीतपुर
Address टीन शेड निर्माण हनुमान मंदिर निबोरा

| S. No. | Particulars | Qty. | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|
| | सेंटिंग | 1 | 4000=00 | 4000=00 |
| | मुरम पुराई मय परिवहन | 15 ट्राली | 800=00 | 12000=00 |
| | पानी मय परिवहन व सिचाई | 12 टैंकर | 500=00 | 6000=00 |
| | चूना पुताई | 1 | 1300=00 | 1300=00 |
| | | | TOTAL | 23300=00 |

Rs. in Words : तेईस हजार तीन सौ रुपये मात्र
E. & O. E.
Sign. Proprietor

पूर्व की तरह खड़ा है। उसके बाद सीईओ ने नोटिस जारी किया था जिसका जबाब पंचायत द्वारा नहीं दिया गया।

### इन पर हुएं भुगतान

हनुमान मंदिर में एक टीन सेट निर्माण होना था। जिस पर सैंटिंग के रूप में चार हजार रुपये का 12 अक्टूबर क़ो भुगतान हुआ है। मुरम पुताई परिवहन के नाम पर 12000 रुपये का भुगतान हुआ है। पंचायत में टेंकर पूर्व से है लेकिन यहां शभी पंचायत ने पांच सौ रुपये के हिसाब से पानी के 12 टैंकर खरीदा है जिसपर 6000 हजार रूपये का भुगतान हुआ है। सीमेंट खरीदी के रूप मे सितंबर माह में 29 हजार 750 रुपया का भुगतान हुआ है टीन सेट में लगने बीस पाइप भी पंचायत ने खरीदे है। एक पाइप की क़ीमत 720 रुपया है बीस पाइप पर 14400 रुपया भुगतान हुआ है। इसके अलावा अन्य भुगतान है, लेकिन कोई सामग्री खरीदी के दो माह बाद भी मंदिर में नहीं लगी है। सवाल यह है ज़ब सामग्री की खरीदी दो माह पहले हो चुकी है तो वह सामग्री है कहां?

### इनका कहना है

"निबौरा ग्राम के हनुमान मंदिर में टीन सेट मंजूर हुआ था। 2 माह पहले मंदिर के नाम पर सामग्री खरीदी के लिए भुगतान हो चुके है, लेकिन मंदिर में कोई सामग्री नहीं लगी है शिकायत के बाद सत्यता जानने अजीतपुर ग्राम पंचायत क़ो नोटिस काटा गया था। जिसका पंचायत द्वारा जबाब नहीं दिया है इसलिए पंचायत के खातों पर होल्ड लगाया गया है।"

**-मनीष बागरी** सीईओ तेन्दूखेड़ा जनपद

## फर्जी निकली ट्रक लूट की कहानी

**तेंदूखेड़ा।** रविवार को सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर ट्रक लूट की कहानी जांच में झूठी पाई गई। असल कोहरे के कारण हरियाणा से चावल लोड कर आंध्र प्रदेश जा रहा ट्रक बगदरी की घाट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक ने पुलिस को बताया कि नकाबपोश कार सवार लुटेरों ने ट्रक रोककर चावल लूट लिए। पुलिस ने जाँच पड़ताल की तो चालक द्वारा बताई गई लूट की कहानी झूठी निकली। ट्रक चालक हरियाणा से ट्रक में चावल लोड कर आंध्र प्रदेश के लिए रवाना हुआ था लेकिन तेन्दूखेड़ा पाटन सीमा क्षेत्र के पास स्थित बगदरी की घाट के पास रविवार रात ढाई बजे के करीब कोहरा होने के कारण चालक को अंधा मोड़ नजर नहीं आया और ट्रक सड़क छोड़कर खाई में जा घुसा और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद दहशत में चालक ने थाने में सूचना दी कि कार सवार 4 नकाबपोश लुटेरों ने ट्रक रोका और उसमें लोड चावल लूट लिए। पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची व आसपास घेराबंदी कराई गई। जाँच के दौरान ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होने के दौरान उस मार्ग से कोई कार गुजरने की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस ने जब चालक से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने ट्रक मालिक के डर के कारण लूट कहानी गढ़ना कबूल किया।

# खेल मंत्री की हां-न पर टिका एस्ट्रोटर्फ मामला

- **डीएचए और जनप्रतिनिधी कर चुके हरसंभव प्रयास**

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

नगर में हॉकी के एस्ट्रोटर्फ के लिए हमारे प्रयास खत्म नहीं हुए बल्कि हम इसके काफी निकट भी पहुंच गये थे। डीएचए, विधायक और हमारे जनप्रतिनिधि अब भी मंत्रालय में इसके लिए बातचीत करते हैं। सरकार और अधिकारियों के बदलने से थोड़ा इंतजार बढ़ गया है, लेकिन यह निश्चित है कि एस्ट्रोटर्फ इटारसी में अवश्य लगाया जाएगा। बस खेल मंत्री इटारसी आएंगे तो हम निश्चित ही उनसे इसकी घोषणा करा लेंगे। यानी इटारसी में एस्ट्रोटर्फ का फैसला खेल मंत्री की हां या न पर निर्भर करेगा।

यह बात मप्र भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने हॉकी प्रतियोगिता के लिए हुई पत्रकार वार्ता में कही। इस दौरान विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने भी पहुंचे थे। केवल दो विषयों पर



**प्रतियोगिता की संभावित टीमें**

रिपब्लिकन हॉकी क्लब, मुम्बई, साई हॉस्टल लखनऊ आर्मी रेड, पगवाड़ा, एफसीआई पुणे, आर्मी ग्रीन, जालंधर ईएमई जालंधर, जोजा स्पोर्ट्स एकेडमी, चैन्नई, साउथ सेंट्रल रेलवे सिकन्द्राबाद, साई, सुन्दरगढ, विवेक एकेडमी, दिल्ली, सेन्ट्रल रेल्वे, मुम्बई, हृ.ष्ट.क्र.रू.. प्रयागराज, साई, कुरुक्षेत्र, ईस्टर्न रेल्वे कोलकाता, सेल, राउरकेला, केनरा बैंक, बैंगलौर, एमपी पोस्टल, भोपाल, डीएचए जबलपुर, डीएचए बैतूल, डीएचए टीकमगढ़, डीएचए बालाघाट, निमाड़ इलेवन के साथ ही इटारसी की दो टीमें ए और बी खेलेंगी।

पत्रकारों ने सवाल किये। पहला था, शहर के हॉकी खिलाडियों को एस्ट्रोटर्फ कब तक मिलेगा और हॉकी प्रतियोगिता का बजट कब बढ़ेगा। दोनों के जवाब क्रमशः तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने दिये।

इस वर्ष नगर पालिका की तरफ से दिये जाने वाली राशि में दो लाख रुपए का इजाफा किया है। हालांकि पत्रकारों की ओर से कम से कम 12 लाख रुपए करने का सुझाव दिया जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि जितना संभव हो सकता था, किया है। डीएचए के अध्यक्ष प्रशांत जैन और कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी ने एस्ट्रोटर्फ के लिए किये गये प्रयासों से मीडिया को अवगत कराया।

### 5 जनवरी से प्रतियोगिता

अखिल भारतीय महात्मा गांधी हॉकी प्रतियोगिता, 5 जनवरी 2025 से गांधी मैदान पर प्रारंभ होगी। संघ का प्रयास है कि खेल मंत्री इस प्रतियोगिता के उद्घाटन या समापन कार्यक्रम में आएं। डीएचए के अध्यक्ष प्रशांत जैन ने बताया कि करीब 24 टीमें इसमें शामिल होंगी जिनमें राष्ट्रीय टीमें आर्मी के अलावा विभागीय और एकेडमी की टीमें रहेंगी जो उच्च स्तर का प्रदर्शन करती हैं। 8-10 टीमें और आना चाहती हैं, लेकिन हमारे पास स्लॉट्स नहीं हैं, इसलिए उनको बुला नहीं पा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि खेल प्रेमियों को अच्छी हॉकी देखने को मिलेगी। इसके लिए डीएचए की टीम दिन रात मेहनत कर रही है। मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने डीएचए के हौंसलों की सराहना करते हुए कहा कि जब देश में आईएचएल प्रारंभ हो रहा है, ऐसे में प्रतियोगिता कराना हिम्मत का काम है।

**मेट्रो एंकर** बच्चों को संस्कृति से परिचित कराने शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम हुआ

# महादेवी वर्मा पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार अशोक जमनानी का हुआ सम्मान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सोमवार को नगर के एक प्राइवेट स्कूल में भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु स्पिक मैके से रोजे खान व राजस्थानी मांगणियार बंधुओं ने अपने श्रेष्ठ गायन प्रस्तुति द्वारा सभी का हृदय जीत लिया। विद्यार्थी मंत्रमुग्ध हो गए तथा उन्हें अपनी संस्कृति और राजस्थानी कला को समीप से जानने का मौका मिला।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में साहित्यकार अशोक जमनानी को महादेवी वर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. भवानी शंकर शर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पं. गिरजा शंकर शर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रख्यात कवि संतोष व्यास , पं. अरुण शर्मा अध्यक्ष




स्पिक मैके चैप्टर नर्मदापुरम, सुनील बाजपेई, अध्यक्ष स्पिक मैके इटारसी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के शुभारंभ में डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी, सुभाशीष चटर्जी, प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी ने अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया। डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी द्वारा अशोक जमनानी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए स्वागत उद्बोधन दिया। श्री जमनानी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश संतोष व्यास ने डाला। अभिनंदन पत्र का वाचन पं. अरुण शर्मा द्वारा किया गया। अभिनंदन कार्यक्रम के अंतर्गत शाल, श्रीफल, स्मृति चिह्न तथा अभिनंदन पत्र देकर अशोक जमनानी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अशोक जमनानी ने बच्चों को बताया कि जीवन सहज व सरल ढंग से जिया जा सकता है। कहानी के माध्यम से उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि अनुशासित जीवन नितांत आवश्यक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. गिरजा शंकर शर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि अशोक जमनानी जैसे साहित्यकार, कथाकार का नर्मदापुरम में होना सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पं. भवानी शंकर शर्मा ने अशोक जमनानी को प्रख्यात महादेवी वर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर बधाई प्रेषित की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य की और सदैव अग्रसर रहना चाहिए। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन स्कूल प्राचार्य मोना चटर्जी द्वारा किया गया।

# पीड़ितो को समय पर न्याय व राहत राशि मिले-कलेक्टर

### सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज होने वाले प्रकरणो के निराकरणो पर विशेष बल दिया है। उन्होंने सोमवार को जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की त्रैमासिक बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए है कि पीड़ितो को समय पर न्याय व शासन के दिशा निर्देशानुसार राहत राशि प्राप्त होना चाहिए। छोटे-छोटे कारणो से राहत राशि वितरण के कार्य प्रभावित ना हो। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र के अभाव में अनेक प्रकरणो में राहत राशि जारी नहीं होने को अतिगंभीरता से लेते हुए ततसंबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए वहीं जाति प्रमाण पत्र के संबंध में कहा कि परिवार के किसी भी सदस्य के पास यदि जाति प्रमाण पत्र है तो पीड़ित को जाति प्रमाण पत्र प्राप्ति में विलम्ब नहीं होना चाहिए।



अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग की जिला संयोजक व समिति की सदस्य सचिव ने बैठक में बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम अत्याचार निवारण योजना नियम के अंतर्गत एक अप्रैल से 27 दिसम्बर तक अनुसूचित जाति वर्ग के कुल 356 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए है जिसमें से 258 प्रकरणो में 16227500 रूपए तथा अनुसूचित जनजाति के 24 प्रकरणो में से बीस प्रकरणो में 1375000 राशि संबंधितों को प्रदाय की गई है। भुगतान हेतु लंबित प्रकरणो के कारणो तथा स्वीकृत हेतु लंबित प्रकरण की जानकारियां उनके द्वारा दी गई है। अजाक्स थाना प्रभारी के द्वारा आकस्मिकता योजना नियमो के अंतर्गत पीड़ित व्यक्तियों एवं साक्ष्यो को दिए जाने वाले यात्रा भत्ता व्यय, भरण पोषण, व्यय एवं आहार व्यय और मजदूरी के संबंध में बतलाया कि बजट प्राप्ति ना होने के कारण पूर्व उल्लेखित कम्पोनेंटो में पीडितो को राशि प्रदाय नहीं की गई है। उन्होंने प्रकरणवार ततसंबंधी कारणो को रेखांकित किया। इसी प्रकार जिला लोक अभियोजन अधिकारी के द्वारा न्यायालय में लंबित और निराकृत प्रकरणो की जानकारियां प्रस्तुत की गई। कलेक्टेऊट के बेतवा सभागार में आयोजित बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत नवीन संशोधित राहत नियम 2016 की राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दिशा निर्देशो पर आधारित व गजट नोटिफिक्रेशन की प्रतियां सदस्यों को उपलब्ध कराई गई है। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर समेत समिति के अन्य सदस्यगण मौजूद रहें।

# अधिकारी फील्ड में नजर आएं जिले में एक भी बोरवेल खुला नहीं हो - कलेक्टर सिंह

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सभी विभागो के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि भ्रमण कर विभागीय क्रियान्वित योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारियां अवश्य प्राप्त करें। संवाद के दौरान प्राप्त होने वाले सुझावो को लिखकर रखें और उचित फोरम पर उन सुझावों को सांझा जरूर करें ताकि क्रियान्वयन को और अधिक सुगम बनाया जा सकें।

कलेक्टर श्री सिंह ने निकायो के अधिकारियों को स्पष्ट सचेत करते हुए कहा कि स्वंय और अधीनस्थ अमला वार्डो में अनिवार्य रूप से भ्रमण करें। जरा सी बारिश में पानी भरने की शिकायते प्राप्त हो रही है यह इस बात को रेखांकित कर रही है कि हमारी साफसफाई व्यवस्था उस स्तर की नहीं हो रही है जैसा स्थानीय नागरिक चाह रहे है। अधिकारी स्वंय भ्रमण करेंगे तो अधीनस्थ अमला भी अपने कार्यो में सुधार लाएगा।

उन्होंने कार्यालयीन पद्धति को त्याग कर अधिक से अधिक क्षेत्र भ्रमण पद्धति को अपनाने पर बल देते हुए कहा कि कहीं भी अस्वच्छता जैसा वातावरण परलिक्षित नहीं होना चाहिए। बारिश में कचरा पडा रहने से दुर्गंध




अधिक फैलने लगती है जिस कारण से आवागमन करने वाले नागरिको और स्थानीय रहवासियों को परेशानी का सामना करना पडता है। सम्पूर्ण निकाय क्षेत्र स्वच्छता के नए आयामो की प्राप्ति के लिए प्रयास रहें।

जिले में एक भी बोरवेल खुला नहीं हो - कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सभी एसडीएम, जनपदो के सीईओ को निर्देश दिए है कि कार्य क्षेत्रो में एक भी बोरवेल खुला नहीं होना चाहिए। उन्होंने सीमावर्ती जिले में घटित घटना को रेखांकित करते हुए कहा कि विदिशा जिले में ततसंबंध में पूर्व से तैयारियां की गई है और ग्राम पंचायत, जनपद पंचायतो के द्वारा इस आश्य का प्रमाण पत्र दिया गया है कि हमारे क्षेत्र में एक भी बोरवेल खुला नहीं है। कलेक्टर श्री सिंह ने पूर्व प्रमाण पत्रो के साथ-साथ पुनः परीक्षण कराने के निर्देश संबंधितों को दिए है। उन्होंने कहा कि बोरवेलो का रखरखाव बेहतर हो कि जानकारियां स्थानीय बोरवेल स्वामित्वों को अनिवार्य रूप से हो और उनके द्वारा बोरवेल सुरक्षा के उपायो का पालन किया जा रहा है कि नहीं की भी क्रास मानिटरिंग स्थानीय अमले से अनिवार्य रूप से कराएं ताकि जिले में किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटित ना हो।

सूचना तंत्र उन्नत करें - कलेक्टर श्री सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों के साथ-साथ विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्य क्षेत्रो की जानकारियां प्राप्ति के लिए स्थानीय स्तर पर सूचना तंत्र उन्नत करें ताकि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की घटना घटित होती है तो अविलम्ब जानकारी में आ सकें। उन्होंने कहा कि कुछ घटना क्षेत्रो में पुलिस पर ही आश्रित ना रहे बल्कि समनातंर अपना सूचना तंत्र उन्नत करने से जानकारियां प्राप्ति में सुगमता होगी। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रो में संवाद के लिए सतत भ्रमण करने व ग्राम स्तरीय अमले की बैठके आयोजित करने के निर्देश सभी एसडीएम व तहसीलदारो को दिए हैं।

सोल्डर ठीक कराने के निर्देश - कलेक्टर श्री सिंह ने एमपीआरडीसी के अधिकारी को स्पष्ट रूप से सचेत करते हुए कहा कि जो सडको का निर्माण कर रहे है उन सडको की सोल्डर साइड को भी ठीक किया जाए। अभी संज्ञान में लाया जा रहा है कि सड़क का डामरीकरण तो कर दिया जाता है किन्तु सोल्डरो को यथास्थिति में छोड दिया जाता है।

उन्होंने विवेकानंद चौराहे से रामलीला की तरफबनाई गई नई सडक का उल्लेख करते हुए एमपीआरडीसी को निर्देशित किया है। इसी प्रकार सभी एसडीएम व तहसीलदारो को भी भ्रमण के दौरान सडको के सोल्डरो को देखें और जहां पर कार्यो की गुणवत्ता ठीक से परलिक्षित नहीं होती है तो अविलम्ब संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्माण कार्यो की गुणवत्ता से अवगत कराएं और निर्माण ऐजेन्सी के द्वारा समय पर सुधार नहीं किया जाता है तो कार्यवाही प्रस्तावों से जिला कार्यालय को अवगत कराएं।

पेपर कंटिग को लिया संज्ञान में - कलेक्टर श्री सिंह ने अखबारो में प्रकाशित होने वाली खबरो को त्वरित संज्ञान में लेकर संबंधित विभागो को कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने आनंदपुर से सदगुरू पहुंच मार्ग सडक पर हुई फिसलन को अति गंभीरता से लेते हुए मध्यप्रदेश ग्रामीण सडक विकास के महाप्रबंधक से ततसंबंध में संवाद कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए है।

शोकॉज नोटिस - कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले नापतौल निरीक्षक श्री सत्यपाल शर्मा को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए आज का वेतन आहरण नहीं करने की कार्यवाही हेतु जिला कोषालय अधिकारी को निर्देशित किया है। उन्होंने विभागीय कार्यो की समीक्षा के दौरान गंजबासौदा क्षेत्र की उपस्थित नापतौल निरीक्षक को निर्देश दिए है कि साप्ताहिक गतिविधियों की जानकारियां प्रत्येक टीएल बैठक में अवगत कराएं। उन्होंने क्षेत्रो का भ्रमण कर विभागीय कार्यो की जानकारियां आमजनों तक पहुंचे इसके लिए जांच पड़ताल पर बल दिया है। कलेक्टर ने पेट्रोल पंपो के साथ-साथ अन्य तौल कांटो का परीक्षण कर साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

# कन्या शाला स्कूल के वायरल वीडियो की जांच करने आए कुरवाई बीईओ, बीआरसी

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

कन्या शाला हायर सेकेंडरी स्कूल राव जी पथ प्राचार्य का एक वडियो वायरल हुआ था जिसमें प्राचार्य मनोज शर्मा अपनी पत्नी के साथ डांस कर रहे थे। मुक्त मामले को कलेक्टर रोशन सिंह ने गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को जांच करवाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी रामकुमार ठाकुर के निर्देश पर कुरबाई बी ई ओ तथा बी आर सी कन्या शाला स्कूल में जांच करने के लिए पहुंचे उन्होंने यहां पर वीडियो के संबंध में काफी देर तक जांच-पड़ताल की अधिकारियों ने स्कूल में पदस्थ शिक्षकों के साथ बालिकाओं से कई विषयों पर चर्चा की जांच प्रबंध बनाया है जो जिला शिक्षा अधिकारी को दिया जाएगा उसके बाद ही जांच रिपोर्ट का पता चल पाएगा कि क्या जांच हुई क्या पाया गया। जांच करने आए कुरवाई बी ई ओ कमल सिंह बागड़ी ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर वायरल वीडियो की जांच की गई है। उसके संबंध में जांच




प्रतिवेदन बनाया गया है । जो बिंदु दिया था हमने जांच के बाद प्रतिवेदन तैयार किया है इसको जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष रखेंगे आगे की जानकारी वहीं से मिलेगी जानकारी के अनुसार कोई दिन पहले कन्या शाला स्कूल में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य मनोज शर्मा का पत्नी के साथ डांस करने का वीडियो वायरल हुआ था और सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार प्राचार्य पद पर 1 साल होने पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ था अच्छी व्यवस्था थी यहां पर हुई थी इनका स्वागत सत्कार भी हुआ था। कई वीडियो वायरल हुए थे।

### नाले का सीमांकन करने पहुंचा पटवारी का दल

**सिरोंज।** नगर पालिका परिषद के द्वारा छतरी नाके से लेकर कस्टम पथ तक नाले का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसका काम ठेकेदार एक बार फिर लापरवाही से करते हुए बगैर सीमांकन के शुरू कर दिया था इसके बाद कई लोगों ने अपनी जगह में नाला निर्माण होने की शिकायत की थी। इसके बाद एसडीएम के निर्देश पर पटवारी के दल ने सीमांकन किया चुना भी डलवाया, शहर पटवारी अभिषेक पटेरिया ने बताया कि नाले का निर्माण सरकारी जगह पर ही हो रहा है किसी की निजी भूमि में नहीं किया जा रहा है। हमने सीमांकन के बाद उनको भी समझा दिया ठेकेदार को भी चूना डलवा दिया है। जिस दौरान पटवारी सीमांकन कर रहे थे। उस समय बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### देवपुर धाम में कुशवाह समाज की हुई बैठक



**सिरोंज।** सोमवार को कुशवाहा समाज जनों की बैठक देवपुर धाम स्थित श्री लव कुश जानकी मंदिर सेवा समिति की हुई वहीं सर्व सम्मति से पुनः अध्यक्ष घनश्याम कुशवाह को बनाया गया और उपाध्यक्ष मुन्ना लाल कुशवाह , कोषाध्यक्ष बुंदेल सिंह कुशवाह, सचिव मुंशीलाल कुशवाह, सह सचिव चौन सिंह कुशवाह, महामंत्री गुलाब सिंह कुशवाह को बनाया गया, संरक्षक गणपतसिंह कुशवाह, गुमानी लाल कुशवाह, राम सिंह पटेल, रामचरण कुशवाह, मिश्रीलाल कुशवाह आदि को बनाया गया है। इस अवसर पर अखिल भारतीय कुशवाह महासभा के जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाह, प्रांतीय कुशवाह समाज के जिला संरक्षक कमलेश कुशवाह, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुशवाह, भूरा कुशवाह, बुंदेल सिंह कुशवाह बालमुकुंद कुशवाह, बेंज नाथ कुशवाह ,भगवत सिंह कुशवाह,वीर सिंह कुशवाह भैया लाल ,सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे बैठक का संचालन समाजसेवी रामबाबू कुशवाह के द्वारा किया गया।

# कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत सीएम राइस स्कूल में जानकारी दी

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय द्वारा सत्र 2025-26 में महाविद्यालय में प्रवेश हेतु मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान चलाया जा रहा है।

इस अनुक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत, कॉलेज चलो अभियान के संयोजक डॉक्टर आर के वाखला एवं डॉक्टर अवधेश कुमार पांडे ने सीएम राइस उत्कृष्ट विद्यालय सिरोंज में पहुंचकर विद्यार्थियों को प्रवेश से संबंधित उपयोगी जानकारी दी।



विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विषय, संकाय एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राही योजनाएं जैसे पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवास योजना, गांव की बेटी, प्रतिभा किरण,सेंट्रल सेक्टर आदि छात्रवृतियों की जानकारी प्रदान की गई। एनएसएस, एनसीसी एवं खेल सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया। विद्यार्थियों को ऑनलाइन




प्रवेश प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया गया एवं सलाह दी गई कि विद्यार्थी अपने नजदीक के महाविद्यालय में प्रवेश हेतु वरीयता दें।

अभियान को संचालित करने में महाविद्यालय के प्राचार्य महेश ताम्रकार एवं शान मियां का विशेष सहयोग रहा। आभार संजीव माथुर ने व्यक्त किया।

**मेट्रो एंकर**

### एसडीएम ने अवैध कॉलोनी की जांच कराई

# पथरिया में अवैध कॉलोनी में एसडीएम ने विक्रय किया प्रतिबंध

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो** 5

पथरिया में अवैध रूप से कॉलोनी काटने पर एसडीएम ने जांच के उपरांत अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने पर इसके सर्वे नंबरों को तत्काल विक्रय से प्रतिबंधित किया है।

एसडीएम ने हर्षल चौधरी ने अवैध कॉलोनी की जांच कराई कॉलोनी निर्माण करने वाले से इसके संबंध में दस्तावेज मांगे मगर इनके दस्तावेज उपलब्ध उपलब्ध नहीं कराए जांच के उपरांत पाया गया कि अवैध रूप से पथरिया में कॉलोनी निर्माण किया जा रहा है। पटवारी हल्का नंबर 84 के सर्वे नंबर 138, 145, 174 ,175 के बट तथा मिन नंबरों को तत्काल प्रभाव से विक्रय से प्रतिबंधित किया है। इसके बाद कॉलोनी का निर्माण करने वालों की मुश्किलें बढ़ गई है।

इस तरह की कार्रवाई की उम्मीद इनको भी नहीं थी क्योंकि शहर में अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों पर ऐसी कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण क्षेत्र में क्या कार्रवाई होगी। दूसरी ओर अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों भू माफिया माफियां के हौसले बुलंद हैं इनको किसी का कोई डर नहीं है इनको राजनीतिक और कई अधिकारियों तथा कर्मचारी का संरक्षण भी प्राप्त है इन्हीं की दम पर इस काम को यह अंजाम देकर जनता को धोखा दे रहे हैं।

नगर में कब होगी कार्रवाई सभी को इंतजार - ग्रामीण अंचलों मैं तो एसडीएम ने करवाई करते हुए अवैध रूप से काटने पर उक्त कॉलोनी को



विक्रय से प्रतिबंधित कर दिया पर नगर में चारों तरफअवैध रूप से कॉलोनियों का कारोबार फल फूल इन पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। नोटिस दिए भी एक महीने से अधिक का समय बीत चुका है फिर भी आगे कार्रवाई नहीं हो रही है इस वजह से जिम्मेदारी कार्यों की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

दूसरी कलेक्टर के निर्देश पर जैसे ही कार्रवाई प्रारंभ हुई तो नगर के लोगों उम्मीद जागी कि यहां पर भी अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों पर कार्रवाई होगी जिसका लोग बेसब्री इंतजार भी कर रहे हैं पर उनकी उम्मीद कहीं धूमिल ना हो जाए। क्योंकि अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों के हाथ काफी लंबे हैं राजनीतिक स्तर पर भी संरक्षण प्राप्त है।

हमेशा केवल नोटिस देखकर जिम्मेदार खाना पूर्ति कर लेते इस बार भी ऐसा ही लग रहा है कि जिम्मेदारी अधिकारियों ने कलेक्टर का निर्देश पर 56 अवैध कॉलोनी काटने वालों को नोटिस दिया है जिसको 1 महीने से ज्यादा का समय बीत गया आगे कार्रवाई नहीं बढ़ रही है। इस वजह से अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों का व्यापार तेजी से फल फूल रहा है और भोले वाले लोगों को अपने झांसे मैं लेकर चूना लगा रहे है।

आज शहर में 90 के करीब अवैध कालोनियां विकसित की गई है इनमें से अधिकांश में कोई सुविधा नहीं है शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियोंके के द्वारा नोटिस देकर स्त्री करने करने का काम जरूर किया गया इस वजह से अवैध रूप से कॉलोनी का निर्माण रूकने का नाम नहीं ले रहा है दूर-दूर तक कालोनियां विकसित करने की होड़ मची हुई है । इसमें सरकारी पट्टे की भूमि से लेकर कस्टोडियन की जमीन पर भी कॉलोनी आकर ले चुकी है। सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नही कुछ - अधिकांश कॉलोनाइजरों डायवर्सन कर कर इस खेल को अंजाम दिया है कुछ तो डायवर्सन के बगैर ही कॉलोनी काटने का काम कर रहे हैं ।

जबकि शासन के निर्देशों के अनुसार टीन एनसीपी , नगर निवेश विभाग, नगर पालिका परिषद, एसडीएम कार्यालय आदि विभाग से अनुमति लेकर नक्शा पास करवाना होता है। उसके उपरांत ही कालोनी विकसित की जा सकती है। ऐसा करने पर इन्हें सरकार के नियमों का पालन करके सभी सुविधाएं कॉलोनी में देनी होती है।

#### इनका कहना है

"पथरिया में एक कॉलोनी को अवैध रूप से निर्माण करने पर विक्रय से प्रतिबंध का दिया है । शहर में भी करवाई प्रचलन में है।"

-हर्षल चौधरी
एसडीएम

## मेलबोर्न की हार के गंभीर मायने

# मेलबोर्न की हार से उपजे 'गंभीर' सवाल

भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में करारी हार झेलनी पड़ी। बॉक्सिंग डे टेस्ट टीम इंडिया के लिए करो या मरो स्थिति का था।सीफीज केचौथे टेस्ट में करारी शिकस्त के बादअब गंभीर सेना के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल का सफर लगभग खत्म हो चुका है।भले ही चमत्कारी गणित की आस में सिडनी टेस्ट की जीत के बाद 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में श्रीलंका से ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करने की आस भारतीय फैंस के लिए बाकी कही जा सकती है।असल सच तो यह है कि टीम इंडिया का लगातार तीसरा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल का दरवाजा पूरी तरह बंद हो चुका है।अब बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में टीम इंडिया की हालत बद से बद्तर होती दिख रही है।नियमित कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में पहला टेस्ट मैच जीतने के बाद उनके और मैनेजमेंट के अटपटे फैसलों की वजह से मिली हार के बाद



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

जैसे-तैसे तीसरे टेस्ट में ड्रॉ के बाद चौथे मुकाबले में आखिर 184 रन से करारी हार ही मिली।दरअसल जिस अंदाज में ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में दिग्गज गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने सन्यास की घोषणा व अगले ही दिन वापसी का फैसला सुनाया, उसके बाद से ही यह साफ हो गया था कि टीम इंडिया के अंदरखाने में सब कुछ ठीक तो कतई नहीं है।उनके सन्यास लेने का फैसला भले ही सही राह हो,लेकिन उसकी टाइमिंग और तरीका निश्चित तौर पर टीम के हित में नहीं कहा जा सकता है।क्या रविचंद्रन अश्विन को सीरीज पूरी होने तक अपने इस फैसले को रोका जा सकता था।सीरीज के बीचोंबीच इस तरह के फैसले हमेशा ही नुकसानदेह होते हैं।इसके पहले भी कुंबले और धोनी कुछ ऐसा ही कर चुके हैं।यह बात वाकई समझ से परे है कि आखिरकार किसी भी दौरे के पहले चयनकर्ताओं ओर खिलाड़ियों के बीच उनकी पूरी सीरीज की उपलब्धता के बारे में बात क्यों नहीं होती है।कहीं ऐसा तो नहीं कि चयनकर्ता सीनियर खिलाड़ियों को उनके एकादश में चयन का भी आश्वासन देते हैं।दरअसलअश्विन के सन्यास के फैसले की वजह भी कुछ ऐसी ही मानी जा रही है। अब मेलबोर्न में टीम इंडिया की हार से ज्यादा चर्चे रोहित और कोहली जैसे दिग्गजों की फॉर्म के हैं।ऐसा माना जा रहा है कि सिडनी टेस्ट के बाद दोनों में से कोई भी या फिर एक साथ संन्यास की घोषणा की जा सकती है।भले ही यह सवाल भविष्य के गर्त में छुपा हुआ है लेकिन मेरे नजरिये में बीसीसीआई और उसके चयनकर्ताओं को किसी भी खिलाड़ी के सन्यास की घोषणा के लिए मापदंड तय करना चाहिए।अब अगर मेलबोर्न टेस्ट में मिली हार पर गौर करें तो एक बार फिर टीम इंडिया सामने वाली टीम के पुछल्लों में उलझ गयी है।ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 6 विकेट निकलने के बाद पुछल्लों ने जहां 175 रन बना दिये,वहीँ दूसरी पारी भी यह टीम 6 विकेट गंवाने के बाद 145 रन बनाने में कामयाब रही। टीम इंडिया के लिए हार की सबसे बड़ी वजह यही साबित हुई। पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे में जिस अंदाज में टीम इंडिया ने लक्ष्य का पीछा किया था,आखिर इस बार खिलाड़ियों ने वो तरीका क्यों अख्तियार नहीं किया।अगर मेलबोर्न के मैदान पर आखिरी दिन टीम इंडिया कम से कम शुरुआती सत्र में आक्रामक रवैया अपनाती तो फिर भली ही जीत न मिलती,लेकिन कम से कम मैच को बचाया तो जा सकता था।वैसे भी क्रिकेट में यह कहावत कही जाती है कि ऑफेंस इज द बेस्ट डिफेंस। खैर सच तो यह है कि क्रिकेट में अगर मगर के कोई मायने नहीं होते हैं,औरअब टीम इंडिया सीरीज को बचाने की उम्मीद के साथ सिडनी के मैदान पर उतरेगी।अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि सिडनी के मैदान टीम इंडिया का ओर उसके दिग्गज खिलाड़ियों का ऊँट किस करवट बैठता है,लेकिन इस बात में कोई शक नहीं कि 2024 में टी20 की चैंपियन टीम इंडिया के लिए टेस्ट मैचों की लगातार हार के मायने बेहद गंभीर हैं।

## कप्तान रोहित मेलबर्न में हार से मेंटली डिस्टर्ब, बोले-

# सिडनी टेस्ट जीतकर कमबैक करेंगे; सीरीज अभी बाकी...

**मेलबर्न, एजेंसी**

रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम सिडनी टेस्ट जीतकर कमबैक करेंगे। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि मेलबर्न टेस्ट में मिली हार की वजह से वह मेंटली डिस्टर्ब हो गए हैं। सिडनी टेस्ट से पहले उन्हें खुद में और टीम में कई बदलाव करने की जरूरत है। मोमेंटम ऑस्ट्रेलिया के पास है, लेकिन टीम सिडनी में जीतकर कमबैक करना चाहेगी।

यह हार मेंटली बहुत डिस्टर्बिंग हैं, मैच में मैंने कई चीजें ट्राई की, लेकिन वैसा रिजल्ट नहीं मिला, जैसा हमें चाहिए था। जब नतीजें हमारे खिलाफ होते हैं तो निराशा मिलती है। पीछे क्या हुआ, उसके बारे में हमें ज्यादा नहीं सोचना चाहिए। कुछ नतीजे हमारे हक में नहीं रहे, जिनसे कप्तान के रूप मैं बहुत निराश हूं। खुद में बहुत बदलाव करने होंगे रोहित ने आगे कहा, टीम के रूप में हमें कई बदलाव करने पड़ेंगे। मुझे खुद में कई चीजों को बदलना होगा। हम कमियों पर काम करेंगे और देखेंगे कि क्या किया जा सकता है। एक गेम और बाकी है, अगर हम अच्छा खेलें तो सीरीज 2-2 से बराबर हो सकती है। सीरीज ड्रॉ कराना भी ठीक रहेगा। समय कम है, लेकिन जीतने की कोशिश करेंगे रोहित बोले, पांचवें टेस्ट से पहले ज्यादा टाइम नहीं है, लेकिन हम सीरीज को ऐसे ही जाने नहीं दे सकते। मैं चाहता हूं कि जब हम सिडनी पहुंचे तो मोमेंटम को पूरी तरीके से अपने हक में करने की कोशिश करें। ऑस्ट्रेलिया में जीतना और खेलना आसान नहीं है, लेकिन हम रिजल्ट बदलने की कोशिश करेंगे। सिडनी में हम एक टीम के रूप में बेहतर क्रिकेट खेलना चाहेंगे।



### खराब नतीजों से अच्छा खेल दब जाता है

मैच हारने का दुख बहुत ज्यादा रहता है। बैटर की परफॉर्मेंस ऊपर-नीचे होती रहती है, लेकिन जो रिजल्ट आपके हक में नहीं होते, उसे झेलना ज्यादा खराब लगता है। बॉलिंग-बैटिंग दोनों में मिले मौकों को भुनाना चाहिए, लेकिन हमने अहम मौकों पर इन्हें नहीं भुनाया। खराब नतीजों से कई बार खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन भी दब जाता है। टीम में कई खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन भी किया। बुमराह पर ज्यादा वर्कलोड, लेकिन अच्छे फॉर्म का फायदा उठाना भी जरूरी रोहित ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि बुमराह ने बहुत ज्यादा ओवर्स बॉलिंग की। हमें सभी गेंदबाजों का वर्कलोड मैनेज करने के बारे में सोचना होता है। हालांकि, जब कोई खिलाड़ी अपने टॉप फॉर्म में हो तो उनका ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल भी करना चाहिए। ऐसा ही हमने बुमराह के साथ भी किया।

## आइसीसी अवॉर्ड्स-अगले महीने के अंत तक होगी विजेताओं की घोषणा

# सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की दौड़ में अर्शदीप और स्मृति मंधाना

**दुबई. एजेंसी**

भारत के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्टार महिला बल्लेबाज स्मृति मंधाना को साल 2024 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) के सालाना पुरस्कारों के लिए नामित किया गया है। अर्शदीप को जहां आइसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए नामित किया गया है। वहीं मंधाना महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर की होड़ में शामिल हैं। आइसीसी 2024 के विजेताओं की घोषणा अगले साल जनवरी के अंत में करेगा।

**बाबर, हेड व रजा भी होड़ में...** 25 वर्षीय अर्शदीप को इस पुरस्कार के लिए पाकिस्तान के बाबर आजम, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और





जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। अर्शदीप ने इस साल भारत की टी-20 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने विश्व कप में 17 विकेट लिए थे। अर्शदीप ने 18 टी-20 मैचों में 13.5 के औसत से 36 विकेट चटकाए हैं।

### मंधाना शानदार फॉर्म में

मंधाना ने 12 पारियों में 61.91 की शानदार औसत और 96.99 की स्ट्राइक रेट से 743 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। 28 वर्षीय मंधाना ने जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेंगलूरु में दो शतक लगाकर 2024 में अपने शानदार अभियान की शुरुआत की। इसके बाद साल के अंत में दो और शतक लगाकर दिसंबर तक अच्छी फॉर्म में रहीं। उन्हें इस अवॉर्ड के लिए लॉरा वोल्वार्ड्ट (दक्षिण अफ्रीका), चामरी अटापट्टू (श्रीलंका) और अनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया) से मुकाबला करना होगा।



## मेट्रो बाजार

# आरबीआई का नए साल का एजेंडा सीबीडीसी का होगा विस्तार

**मुंबई, एजेंसी**

नए वर्ष यानी 2025 में बैंकिंग और वित्तीय सेक्टर में कई बदलाव देखने को मिलेंगे, जो सीधे तौर पर लोगों के बैंकिंग लेनदेन और वित्तीय स्वास्थ्य से जुड़े होंगे। मसलन, जिस आसानी से अभी होम लोन या पुराने लोन पर बैंकों की तरफ से टॉप-अप लोन दे दिया जाता है, उस पर लगाम लग सकती है। सोने के बदले कर्ज लेने (गोल्ड लोन) की परंपरा जिस तरह से हर घर में



पैठ बना चुकी है, उसको लेकर भी कुछ सख्ती भरे नियम आ सकते हैं। दरअसल, यह सब आरबीआइ की तरफ से नए वर्ष में उठाए जाने वाले कदम होंगे, जिसका संकेत आरबीआइ ने अपनी सालाना रिपोर्ट आन ट्रेंड एंड प्रोग्रेस ऑफ बैंकिंग इन इंडिया में दिया है। इस रिपोर्ट में आरबीआइ ने नए वर्ष के एजेंडे के बारे में बताया है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि भारतीय बैंकिंग सेक्टर में फंसे हुए कर्ज यानी एनपीए का अनुपात कुल बांटे गए लोनके मुकाबले पिछले 13 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर 2.5त्न पर आ गया है। आरबीआइ का एक बड़ा एजेंडा अगले वर्ष वित्तीय समावेश (फाइनेंशिएल इनक्लूजन) को लेकर होगा। आरबीआइ ने कहा है कि वर्ष 2025-30 के लिए वित्तीय समावेशन का रोडमैप लागू किया जाएगा, जो पहले से चल रहे कार्यक्रम का दूसरा चरण होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 50 करोड़ से ज्यादा लोगों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के बाद वित्तीय समावेशन के दूसरे चरण में इन लोगों को ज्यादा एडवांस वित्तीय सेवाएं देने की तैयारी है।

## विदेशी निवेशकों, आर्थिक आंकड़ों से तय होगी चाल

**मुंबई.** भारतीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह आने वाले व्यापक आर्थिक आंकड़ों, विदेशी संस्थागत निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और वैश्विक रुझानों से तय होगी। नए कैलेंडर वर्ष 2025 में रुपए की चाल पर भी निवेशकों की नजर रहेगी, जिसमें शुक्रवार को लगभग दो वर्षों में सबसे बड़ी गिरावट आई और डॉलर के मुकाबले रुपए की वैल्यू अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, निकट भविष्य में कोई महत्वपूर्ण ट्रिगर नहीं होने के कारण शेयर बाजार सीमित दायरे में रहने की संभावना है। रेलिगेयर ब्रोकिंग के अजीत मिश्रा ने कहा, नए साल में बाजार के शुरुआती संकेतों के लिए वाहन बिक्री के आंकड़ों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। किसी महत्वपूर्ण घटना के अभाव में ध्यान विदेशी निवेशकों और मुद्रा की चाल पर केंद्रित रहने की संभावना है। शेयर बाजार का रुख भारत के बुनियादी ढांचे के आंकड़ों, भारत-अमरीका और ब्रिटेन के मैन्युफैक्चरिंग पीएमआइ के आंकड़े, अमरीका के प्रारंभिक बेरोजगारी दावों जैसे आर्थिक आंकड़ों पर भी निर्भर करेगा।

# कोको गॉफ ने कनाडा की फर्नांडीज लैला को हराया

**पर्थ. एजेंसी**



कोको गॉफ ने कनाडा की लैला फर्नांडीज को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट में अमरीका को 1-0 की बढ़त दिला दी। गॉफ के बाद पुरुष एकल में टेलर फ्रिट्ज का सामना कनाडा के फेलिक्स ऑगर एलियासिम से होगा। मैच जीतने के बाद गॉफ ने कहा, मुझे पता था कि यह मैच कठिन होने वाला है। मैं जीत से खुश हूं।

# डेविड मलान ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

**सेंट लुई (अमरीका)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के स्टार बैटर डेविड मलान ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 37 साल के मलान जोस बटलर के अलावा इंग्लैंड के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी रहे, जिन्होंने तीनों फॉर्मेट में शतक लगाया है। मलान टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 रह चुके हैं। मलान साल 2023 में हुए वनडे विश्व कप के बाद इंग्लैंड की टीम से बाहर चल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीरीज में भी वह टीम का हिस्सा नहीं बने। इसी कारण उन्होंने संन्यास लेने का फैसला किया है। मलान ने इंग्लैंड के लिए 22 टेस्ट, 30 वनडे और 62 टी-20 इंटरनेशनल खेले। वह टी-20 क्रिकेट में नंबर-1 बल्लेबाज भी बने। टेस्ट में इंग्लैंड के इस खिलाड़ी ने 27.53 की औसत से 1,074 रन बनाए थे। वनडे में उन्होंने 55.76 की औसत से 1,450 रन बनाए थे।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ दिखीं कृति, नूपुर ने शेयर की तस्वीरें

बीते दिन से चर्चा हैं कि कृति सेनन बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ रिलेशनशिप में हैं। दोनों को काफी बार साथ में देखा जा चुका है। दोनों ने क्रिसमस भी साथ सेलिब्रेट किया था। रिलेशनशिप की अफवाहों के बीच दोनों को एक बार फिर से साथ में देखा गया है। कृति सेनन और बिजनेसमैन कबीर बहिया को राहत फतेह अली खान के कॉन्सर्ट में साथ देखा गया था। एक्ट्रेस की बहन नूपुर सेनन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कॉन्सर्ट की कुछ इंस्टाग्राम स्टोरीज शेयर की हैं। कृति सेनन इस समय न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए दुबई गई हुई हैं। इस दौरान उनके साथ बहन नूपुर सेनन और रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया भी हैं। उन्होंने भी कॉन्सर्ट के कई वीडियोज अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किए हैं। कृति और नूपुर सेनन के साथ वरुण शर्मा, सिंगर स्टेबिन बेन, महेंद्र सिंह धोनी भी इस कॉन्सर्ट में नजर आए हैं। इस दौरान धोनी ने राहत फतेह अली खान के साथ फोटोज क्लिक कराईं, ये फोटोज सोशल मीडियो पर काफी वायरल हो रही हैं।

### ग्रीस में एक साथ छुट्टियां मनाने गए थे दोनों

यह पहली बार नहीं है जब कृति और कबीर को साथ देखा गया है। इससे पहले भी कई बार दोनों को सोशल गैदरिंग, पार्टी में साथ देखा गया है। हालांकि दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को ऑफिशियल एक्सेप्ट नहीं किया है। कृति और कबीर के साथ होने की अफवाहें जब शुरू हुई जब दोनों को ग्रीस में एक साथ छुट्टियां मनाते और दिवाली मनाते हुए देखा गया था। इसके अलावा एक्ट्रेस कुछ दिनों पहले दुबई में कबीर के फैमिली इवेंट में भी शामिल हुई थीं। वहीं बात करें कृति सेनन की तो उन्होंने साल 2024 में तीन बड़ी फिल्मों में काम किया है। शाहिद कपूर के साथ फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में दिखाई दी थीं।



# रश्मिका बोलीं- 'छावा' के लिए महारानी का किरदार निभाने का सपना हुआ पूरा



फिल्म 'छावा' में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना छत्रपति संभाजी महाराज की पत्नी, महारानी येसूबाई भोसले का किरदार निभा रही हैं। एक मराठी महारानी का किरदार निभाना रश्मिका के लिए सिर्फ एक मौका नहीं, बल्कि एक सपना था। हाल ही में दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान, रश्मिका ने बताया कि उनका सपना खुद को महारानी के रोल में देखना था, जो 'छावा' से पूरा हुआ। बता दें, इस किरदार के लिए रश्मिका ने पांच महीने तक रोजाना 3-4 घंटे भाषा सीखने में बिताए। रश्मिका ने कहा, इस फिल्म के लिए मैंने बहुत ज्यादा मेहनत की है। लेकिन यह वही है जो मैंने हमेशा चाहा था। जब मैंने एक्टर बनने का सपना देखा, तब से ऐसी ऐतिहासिक फिल्म में काम करने की इच्छा थी। हमारे इतिहास, परंपराओं और संस्कृति की भव्यता मुझे हमेशा आकर्षित करती है। छावा जैसी फिल्म में काम करना मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा है। मैं हमेशा से खुद को एक राजसी दुनिया में, किसी महारानी के रूप में, शाही महल, शानदार डांस और इतिहास के बीच देखने का सपना देखती थी। जब यह फिल्म मेरे पास आई तो मैं बहुत उत्साहित थी। यह लक्ष्मण उतेकर सर की दूरदृष्टि थी जिसने इसे खास बनाया। उन्होंने मुझे पहली बार कहानी सुनाते समय कहा था कि वह मुझे एक महाराष्ट्रीयन क्वीन के रूप में देखना चाहते हैं। मेरी शक्ल-सूरत, मेरे चेहरे के फीचर्स - सब कुछ इस किरदार के लिए परफेक्ट थे। यह एक ऐसी फिल्म है जो आपको गर्व महसूस कराएगी। यह न केवल भव्य है बल्कि दिल को छूने वाली भी है। किरदार की तैयारी को लेकर एक्ट्रेस ने आगे कहा, सबसे ब?ी तैयारी लैंग्वेज को लेकर रही। हिंदी मेरी मातृभाषा नहीं है। यह भाषा मेरे लिए स्वाभाविक नहीं है लेकिन मेरी ऑडियंस के लिए इसे सीखना मेरा फर्ज था।

# दीपिका पादुकोण की वजह से होगी 'कल्कि 2' की शूटिंग में देरी! इसके पीछे की बड़ी वजह



दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने 8 सितंबर, 2024 को अपनी बेटी दुआ पादुकोण सिंह का स्वागत किया था। तभी से दीपिका ने फिल्मों से ब्रेक ले रखा है, जिस वजह से उनके कई आगामी प्रोजेक्ट की शूटिंग रुकी हुई है, जिसमें कल्कि 2 भी शामिल है। कल्कि 2898 एडी की अपार सफलता के बाद से ही फिल्म के प्रशंसक बेसब्री से इसके सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, ऐसा लग रहा है कि इस फिल्म के प्रशसंकों को थोड़ा और ज्यादा इंतजार करना पड़ सकता है। कथित तौर पर, कल्कि 2 की शूटिंग 2025 की गर्मियों में शुरू होनी थी, लेकिन इसकी शूटिंग में थोड़ी और देरी हो सकती है क्योंकि दीपिका अपनी बेटी दुआ की वजह से जल्दी काम पर लौटना नहीं चाहती हैं, जिसकी वजह से इसकी शूटिंग में और देरी हो सकती है। हाल ही में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने मुंबई में एक निजी कार्यक्रम आयोजित किया, जहां उन्होंने अपनी बेटी दुआ से पैपराजी को मिलवाया। वहीं इसी बीच मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसर, कार्यक्रम के दौरान जब दीपिका से कल्कि 2 के बारे में पूछा गया तो इस पर, अभिनेत्री ने कहा कि बेबी दुआ उनकी पहली प्राथमिकता हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस दौरान दीपिका ने कहा कि वह अपनी आगामी फिल्मों पर जल्दी काम शुरू नहीं करेंगी क्योंकि वह अपनी छोटी राजकुमारी को किसी नैनी के हाथों में नहीं सौपना चाहती हैं। दीपिका ने यह भी कहा, मैं अपनी बेटी को खुद पालूंगी, ठीक वैसे ही जैसे मेरी मां ने मुझे पाला है। दीपिका और रणवीर ने 8 सितंबर, 2024 को अपनी बेटी दुआ पादुकोण सिंह का स्वागत किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक प्यारी सी पोस्ट के जरिए अपनी बेटी के आने की खबर इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। नवंबर में, कपल ने खुलासा किया कि उन्होंने उसका नाम दुआ रखा है, और इसका महत्व समझाया। उन्होंने लिखा, दुआ पादुकोण सिंह 'दुआ', जिसका अर्थ है प्रार्थना। क्योंकि वह हमारी प्रार्थनाओं का जवाब है। हमारे दिल प्यार और कृतज्ञता से भरे हुए हैं। दीपिका और रणवीर। इस बीच, कल्कि 2898 एडी की बात करें तो यह फिल्म इसी साल 27 जून को रिलीज हुई थी और इसमें प्रभास, कमल हासन और अमिताभ बच्चन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसकी रिलीज के बाद से ही प्रशंसक फिल्म कल्कि 2 के आने का इंतजार कर रहे हैं।

## तलाकशुदा महिला ने फांसी लगाकर दी जान



**भोपाल।** निशातपुराथाना क्षेत्र स्थित शिव नगर कॉलोनी फेस थ्री में सोमवार रात तलाकशुदा महिला की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। पुलिस को घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। रात होने के कारण पुलिस ने मृतिका का कमरा सील कर दिया था। आज एक बार फिर एफएसएल की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार ज्योति महावर पिता वैद्यनाथ महावर ( 40 ) शिव नगर कॉलोनी फेस थ्री में अकेली रहती थी। उसकी शादी करीब 13 साल पहले हुई थी। उसका 12 साल का बेटा है और वह नानी के पास रहता है। करीब दस साल पूर्व ज्योति का पति से तलाक हो गया था। तलाक के बाद ज्योति ने बच्चे को मां के पास छोड़ दिया था और मंडीदीप स्थित धागा फैक्ट्री में काम कर अपना गुजारा कर रही थी। ज्योति के छोटे भाई संजय महावर ने पुलिस को बताया कि सोमवार शाम उसने बहन को कॉल किया था, लेकिन बार बार कॉल करने पर भी वह कॉल रिसीव नहीं कर रही थी। अनहोनी की आशंका होने पर वह ज्योति के कमरे पर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने के बाद भी अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उसने छत पर लगी चादर हटाकर देखा तो बहन का शव दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

## बंद बोरे में मिली महिला की लाश




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ईटखेड़ी पुलिस ने शनिवार सुबह अगरिया कालापीपल गांव की नदी से बोरी में बंद महिला की लाश बरामद की थी। लाश तीन से चार दिन पुरानी होने के कारण डिकंपोज होने लगी थी। बंद बोरी में लाश होने के कारण हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस ने लाश पीएम के लिए भेज दी है। मृतिका की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अपनी अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस को महिला की पीएम रिपोर्ट मिल गई है। हालांकि पीएम रिपोर्ट में मौत की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। पुलिस बिसरा परीक्षण की रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। रिपोर्ट में यह तो तय हो चुका है कि नदी में महिला की लाश लाकर फेंकी गईथी। लिहाजा पुलिस ने अज्ञात हत्यारे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। अज्ञात  पर हत्या का मामला दर्ज   थाना प्रभारी दुर्जन सिंह ने बताया कि 5 अक्टूबर की सुबह पुलिस ने अगरिया कालापीपल की नदी से एक महिला की लाश बरामद की थी। लाश नदी किनारे झाड़ियों में फंसी प्लास्टिक की बोरी में फंसी हुईथी। बोरी को अच्छी तरह से बांधा गया था। लाश करीब तीन से चार दिन पुरानी होने के कारण लाश काफी हद तक डिकंपोज हो चुकी थी। शरीर पर कहीं चोट के निशान नजर नहीं आए। महिला काली साड़ी और सफेद छींटे वाला काला ब्लाउज है उसकी उम्र करीब 35 से 40 साल के आसपास होगी। शरीर पर पायल, बिछिया, मंगलसूत्र व ब्लाउज समेत अन्य आभूषण थे। हुलिया देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला विवाहित है। महिला के पैरों पर महावर लगा था। उसके हाथ भी महावर से लाल रंगे हुए थे। महिला के दाहिने हाथ पर हिन्दी में शुभम अंकुश गंगाराम गुदा हुदा हुआ था, जबकि नाम के पास ही एक दिल बना था। दिल में अंग्रेजी में जीएस गुदा है। थाना प्रभारी का कहना है कि शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

### लुटेरों से मुक्त नहीं हो रहा रेलवे स्टेशन, वेंडर ने किया लूटपाट का प्रयास

# ट्रेन की रफ्तार कम होते ही दरवाजे पर खड़े यात्री का मोबाइल झपटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कुर्नूल एक्सप्रेस की जनरल बोगी के गेट पर खड़े होकर यात्रा कर रहे युवक का बदमाश ने मोबाइल झपट लिया। घटना को भोपाल आउटर पर उस समय अंजाम दिया गया जब ट्रेन काफी स्लो हो गई थी। वहीं प्लेटफार्म क्रमांक चार पर स्थाई वेंडर ने अपने साथी के साथ मिलकर यात्री का मोबाइल फोन और नगदी लूटने का प्रयास किया। जीआरपी थाना भोपाल ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक भोपाल निवासी रकीब खान विगत 29 दिसंबर को भोपाल से इटारसी की यात्रा कुर्नूल एक्सप्रेस से जनरल टिकिट लेकर कर रहे थे। जनरल बोगी में भीड़भाड़ अधिक होने के कारण वह गेट के पास आकर खड़े हो गए।

भोपाल आउटर पर जैसे ही ट्रेन स्लो हुई, उसी दौरान एक बदमाश चलती गाड़ी में चढ़ा और रकीब के हाथ से मोबाइल झपटकर भाग निकला।  मोबाइल की कीमत साढ़े 12 हजार रुपए बताई गई है। घटना



के बाद फरियादी अपने काम से इटारसी चले गए थे। वहां से लौटने के बाद उन्होंने जीआरपी थाना भोपाल में अज्ञात आरोपी के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

स्थाई वेंडर ने की लूटपाट का प्रयास  जीआरपी थाना भोपाल के मुताबिक सूरज नगर भोपाल निवासी बद्रीप्रसाद मीणा विगत 29 दिसंबर को प्लेटफार्म क्रमांक-चार पर गए थे।

उसी दौरान स्थाई वेंडर अनिल सिंह और एक अन्य व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी देकर उनसे पैसे और मोबाइल छीनने की कोशिश की। फरियादी ने लिखित शिकायती आवेदन दिया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### यात्रियों के मोबाइल और पर्स चोरी

नजमुलहक मूलतः किशनगंज बिहार के रहने वाले हैं। पिछले दिनों वह अहमदाबाद एक्सप्रेस में मुजफ्फरपुर स्टेशन से अहमदाबाद की यात्रा कर रहे थे। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर पैसेंजरों की आवाज आने पर नजमुलहक की नींद खुली तो सीट पर रखा उनका मोबाइल नहीं था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 26 हजार रुपए बताई गई है।

इसी प्रकार सागर निवासी संदीप अहिरवार राज्यरानी एक्सप्रेस में भोपाल से सागर की यात्रा कर रहे थे। भोपाल स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के दौरान किसी ने उनकी जेब से मोबाइल चुरा लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 20 हजार रुपए बताई गई है।

#### चेन्नई एक्सप्रेस में युवती का हैंडबैग चोरी

महाराष्ट्र के गोंदिया में रहने वाली निधि हरिचंद पटले प्रायवेट काम करती हैं। पिछले दिनों वह अपने परिवार के साथ एसी कोच में चेन्नई एक्सप्रेस में जयपुर से नागपुर की यात्रा कर रही थी। रात करीब दस बजे खाना खाने के बाद अपनी सीट पर सो गई थी। इस दौरान उन्होंने अपनी पर्स सीट पर रखा था।

सुबह करीब साढ़े सात बजे भोपाल स्टेशन निकलने के बाद नींद खुली तो उनका पर्स गायब था। परिजन ने जब कोच में खोजबीन की तो पर्स बाथरूम के डस्टबिन में पड़ा मिला, लेकिन उसके अंदर रखे 5 हजार रुपए नकदी और अन्य सामान नहीं था।

## मछली पकड़ रहे युवक पर चाकू से हमला तालाब में कूदकर बचाई जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहजहांनाबाद इलाके में मछली पकड़ रहे एक युवक पर चार लड़कों ने पुरानी रंजिश के चलते चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों से बचने के लिए युवक तालाब में कूद गया, जिसे उसके साथियों ने बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार उम्मू उर्फ उमर ( 30 ) बाग मुंशी हुसैन खां शाहजहांनाबाद में रहता है और पुताई का काम करता है।  शनिवार की रात करीब साढ़े दस बजे वह अपने दोस्तों के साथ लाल मस्जिद रोड स्थित तालाब में मछली पकड़ने गया था। इसी बीच अनस, अरहम, मुस्तफा और वकार पहुंचे और



पुरानी रंजिश के चलते उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से उमर को बाएं कंधे पर एवं बांए हाथ की अंगुली में गंभीर चोट आई। आरोपियों से बचने के लिए वह तालाब में कूद गया तो आरोपी वहां से भाग निकले। पास ही मछली पकड़ रहे उमर के साथियों ने उसे तालाब से बाहर निकाला और इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज कर लिया।

## युवती के साथ युवक ने की अश्लील हरकत

**भोपाल।** ऐशबाग इलाके में रहने वाले एक युवक ने युवती के साथ अश्लील हरकत कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।  जानकारी के अनुसार अवधपुरी इलाके में रहने वाली 24 वर्षीय युवती बीकाम करने के बाद एमबीए की तैयारी कर रही है। उसका ननिहाल ऐशबाग इलाके में है, जहां वह आती-जाती रहती है। नानी के मोहल्ले में रहने वाला मनीष उर्फ मयंक यादव से युवती की पहचान थी। करीब दो महीने पहले मनीष ने युवती से दोस्ती करने की बात कही थी, लेकिन युवती ने उसकी बातों पर ध्यान नहीं दिया। उसके बाद वह फोन पर परेशान करने लगा तो युवती ने उसका नंबर ब्लाक कर दिया।  गत दिवस युवती अपनी मां के साथ नानी के घर जा रही थी, तभी मनीष ने बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकत कर दी। पीड़िता ने इसकी जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## मौसा के साथ भागवत सुनने पहुंची नाबालिग ने लगाई फांसी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित कलारा गांव में नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश उसके मौसा ने साड़ी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मचूर्री भेज दिया था। पुलिस को नाबालिग के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही शोकाकुल परिजन भी बयान देने की स्थिति में नहीं है। लिहाजा आत्महत्या की वजह निकलकर नहीं आई है। पुलिस के अनुसार मनीषा कुशवाह पिता छगनलाल कुशवाह ( 16 ) गांव गांगा पिपलिया में रहती हैं। उसके पिता खेती किसानी करते हैं। 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली मनीषा अपनी बड़ी बहन के साथ गांगा पिपललिया से ग्राम कलारा अपने मौसा मोहकम सिंह कुशवाह के घर पहुंची थी।

दरअसल, मौसा के गांव में भागवत कथा का आयोजन हुआ था। दोनों बहने भागवत कथा में शामिल होने आई थी। मौसा मोहकम सिंह कुशवाह ने पुलिस को बताया कि रात में सभी लोगों ने खाना खाया और सो गए थे। सुबह करीब साढ़े 4 बजे उनकी नींद खुली और वह लघुशंका करने के बाद कमरे में पहुंचे। इस बीच किचन में उनकी नजर पड़ी तो मनीषा पीले रंग की साड़ी के फंदे पर लटकी नजर आई। उन्होंने शोर मचाया तो परिवार के अन्य सदस्य भी उठ गए थे। बड़े से कमरे में बनाया है किचन मोहकम सिंह ने बताया कि उनका कच्चा मकान है बड़े से कमरे में उन्होंने छोटी दीवार उठाकर किचन बना लिया है।

**मेट्रो एंकर** | घर से पचास मीटर की दूरी पर मिली महिला का शव

## सड़क पर रख आया  पत्नी का शव, मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ईंटखेड़ीथाना क्षेत्र स्थित गांव रायपुर में गत 6 नवंबर एक महिला की सुबह एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गईथी। उसका शव घर से करीब पचास मीटर की दूरी पर कच्ची सड़क पर पड़ा मिला था।

ग्रामीणों ने शव देखकर पति को घटना की जानकारी दी थी। शराबी पति ने रिश्तेदारों की घटना की जानकारी दी। पति और रिश्तेदार उसके अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गए थे। इस बीच पुलिस को घटना की जानकारी मिली और पुलिस ने महिला की लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी थी।

पीएम रिपोर्ट में महिला की मौत साधारण परिस्थितियों में होने की पुष्टि हो गई है, लेकिन महिला का शव शराबी पति द्वारा सड़क पर छोड़ दिया गया था। पुलिस ने मायके पक्ष और



ग्रामीणों के बयान के बाद पति पर शव का अपमान करने की धाराओं में एफआईआर की है।

#### पुलिस के अनुसार मूलत

गुनगा के एक कस्बे में रहने वाली 28 साल की काजल अहिरवार की शादी करीब दस साल पूर्व विजय अहिरवार से हुईथी। विजय अहिरवार गांव रायपुर में रहताथा। उसकी परवरिश मामा ने कीथी। विजय की शादी भी मामा ने कराईथी। विजय और काजल की दस साल पहले शादी हुईथी। उनकी संतान नहीं थी।

बुधवार सुबह काजल की लाश घर से पचास मीटर की दूरी पर सुबह करीब 7 बजे कच्ची सड़क पर पड़ी देख ग्रामीणों ने पति को सूचना दी थी। उस समय पति अत्यधिक नशे में था।

#### शरीर पर नहीं थे चोट के निशान

मामले की जांच कर रही एसआई रिंकू जाटव ने बताया कि काजल के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले थे। पीएम रिपोर्ट में भी हत्या की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि साधारण मृत्यु के बाद काजल का शव पति ने सड़क पर लाकर छोड़ा था।

यह बात उसने भी स्वीकार ली है, लेकिन वह अत्यधिक नशे में था और उसे यह नहीं पता कहां से लाश कहां पहुंचाई थी।

## नए साल के जश्न की सुरक्षा में 700 पुलिसकर्मी तैनात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में नए साल का जश्न मनाने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसी के साथ ही पुलिस ने भी भी सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी कर ली है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर शहर की सड़कों पर 700 पुलिस कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। इसके साथ ही 25 स्थानों पर फिक्स चैकिंग पाइंट लगाए गए हैं। इन स्थानों पर ब्रीथ एनालाइजर के साथ शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चैकिंग की जाएगी। इसके साथ ही 50 बाडीवार्न कैमरों के साथ पुलिस कर्मचारी अलग-अलग स्थानों पर चैकिंग करेंगे। पुलिस पुलिस अधिकारी इस चैकिंग व्यवस्था की लाइव रिपोर्टिंग देख सकेंगे। पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने बताया कि नए साल के जश्न के



दौरान शहर में किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति नहीं बने, इसके लिए पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। शाम छह बजे से ही सड़कों पर पुलिस बल तैनात कर दिया जाएगा जो देर रात तक मौजूद रहेगा। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, सड़कों पर हुड़दंग मचाने और ओवर स्पीडिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। होटल, रेस्टॉरेंट और क्लबों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम निर्धारित समय तक चलेंगे। इस दौरान बगैर अनुमति और निर्धारित समय के बाद तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने बताया कि नए साल के जश्न में किसी प्रकार का विघ्न नहीं पड़े, लोगों के बीच लड़ाई-झगड़ों की नौबत नहीं आए और एक्सीडेंट नहीं होने पाएं, इसके लिए पुलिस पूरी सतर्कता के साथ तैनात रहेगी। 25 से ज्यादा स्थानों पर होगी चैकिंग ट्रैफिक डीसीपी संजय सिंह ने बताया कि नव वर्ष की पूर्व संध्या पर यातायात की तरफ से करीब 25 स्थानों पर फिक्स चैकिंग पाइंट बनाए जाएंगे। शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों और तेज आवाज में वाहन चलने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।  इसके साथ ही शहर के विभिन्न थानों का बल भी जगह-जगह तैनात किया जाएगा।  उनके साथ भी यातायात का बल तैनात रहेगा। डीसीपी ने आम जनता से अनुरोध किया है कि नए साल में सड़कों पर किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करें, बल्कि अपने परिवार के साथ नववर्ष का स्वागत करें।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022